www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 20 फरवरी 2022, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-304 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

रिश्ते निभाने के लिए बुद्धि नही, दिल की शुद्धि होनी चाहिए। सत्य कहो, स्पष्ट कहो, सम्मुख कहो, जो अपना हुआ वो समझेगा, जो पराया हुआ वो छूटेगा।

आज बेबाक

लखनऊ का नवाब बनने टीपू ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उनका दावा है कि दो चरण के मतदान में ही समाजवादी पार्टी का शतक बन गया है। यह अलग बात है कि खुद अपने निर्वाचन क्षेत्र करहल में उनके गस-बल निकल रहे है। अपने पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उन्होंने अपने बीमार पिताजी को भी मैदान में उतार दिया। नेताजी ने चुनावी सभा को संबोधित किया लेकिन अखिलेश यादव को वोट देने की अपील करना ही भूल गए। चाचा शिवपाल भी खींचे-खींचे रहे। ऐसे में सायकल कहीं कागज की नांव न बन जाए।

सूर्योदय

उदय : 6:22 प्रात:

अस्त : 5:38 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,928,233,490

भारत : 1,402,589,510

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 50,190 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.41 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.9	16.8
बिलासपुर	29.7	15.0
जगदलपुर	30.7	14.4
अंबिकापुर	29.6	10.0

आज का दिवस

विश्व सामाजिक न्याय दिवस : हर साल 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। साल 1995 में कोपेनहेगन, डेनमार्क में सोशल डेवलपमेंट के लिए विश्व शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। 26 नवंबर, 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कोपेनहेगन में हुए इस शिखर सम्मेलन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में नामित किया था।

रोहित कप्तान, पुजारा-रहाणे की छुट्टी

बीसीसीआई ने किया श्रीलंका के खिलाफ टीम का ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 और टेस्ट सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है, वहीं विराट कोहली और ऋषभ पंत को टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में चोटिल होने की वजह से बाहर है। वहीं टेस्ट स्पेशलिस्ट चेतेश्वर पुजारा व अंजक्यि रहाणे की छुट्टी हो गई है। श्रीलंका का भारत दौरा 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। दौरे पर पहले तीन मैच की टी20 सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला लखनऊ में होगा, वहीं अगले दो मैचों की मेजबानी धर्मशाला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अवध, लखनऊ फिर अयोध्या... अगले 3 चरण तय करेंगे, यूपी में किस करवट बैठेगा ऊंट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश तीसरे, चौथे और पांचवे चरण की वोटिंग की ओर जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, सभी की नजरें अवध पर टिकी हैं, जिसे उत्तर प्रदेश का हार्टलैंड कहा जाता है। पहले दो चरणों में कथित तौर पर सपा से कड़ी टक्कर का सामना करने के बाद भारतीय जनता पार्टी इन तीनों चरणों को भुनाने की भरपूर कोशिश करेगी। ये इलाके राजनैतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी के अनुकूल भी हैं।

तीसरे, चौथे और पांचवे चरण की 179 सीटों के लिए वोटिंग 20 फरवरी से शुरू हो जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दोआब, अवध और बुंदेलखंड-भौगोलिक रूप से तीन अलग-अलग इलाकों में बंटे इस क्षेत्र में मैनपुरी की यादव पट्टी भी शामिल है। एटा, फर्रुखाबाद, कन्नौज और इटावा में सपा का अच्छा-खासा प्रभाव माना जाता है। फिर भी पिछले चुनाव में यहां समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत ड्रोन के क्षेत्र में पूरी दुनिया को नया नेतृत्व देगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में स्टार्टअप्स का एक नया इकोसिस्टम तैयार हो रहा है और बहुत जल्द इनकी संख्या हजारों में पहुंच जाएगी तथा आने वाले समय में भारत ड्रोन के क्षेत्र में पूरी दुनिया को एक नया नेतृत्व देगा।

गरुड़ एयरोस्पेस द्वारा 108 किसान ड्रोन की उड़ान के मौके पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, भारत में ड्रोन स्टॉट-अप्स का एक नया इको सिस्टम तैयार हो रहा है। अभी देश में 200 से ज्यादा ड्रोन स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं। बहुत जल्द ही इनकी संख्या हजारों में पहुंच जाएगी। इससे रोजगार के भी लाखों नए अवसर खुलेंगे। मुझे विश्वास है आने वाले समय में भारत का ये बढ़ता सामर्थ्य पूरी दुनिया को ड्रोन के क्षेत्र में नया नेतृत्व देगा।

उन्होंने कहा कि देश में जो स्टार्ट-अप की दुनिया खड़ी हुई है उसका श्रेय नौजवानों को जाता है जो जोखिम लेकर यह काम कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा, भारत सरकार नीतियों के द्वारा लगातार आपके साथ रहकर के, कंधे से कंधा मिलाकर के आपको आगे बढ़ने में कोई रूकावट नहीं आने देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर नीतियां सही हों तो देश कितनी ऊंची उड़ान भर सकता है, आज का दिन इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किसान ड्रोन 21वी सदी की आधुनिक कृषि व्यवस्था की दिशा में एक नया अध्याय है। मुझे विश्वास है ये शुरूआत न केवल ड्रोन सेक्टर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी बल्कि इसमें संभावनाओं का एक अन्त आकाश भी खुलेगा। मुझे भी बताया गया है, कि गरुड़ एयरोस्पेस ने अगले दो वर्षों में एक लाख मेड इन इंडिया ड्रोन बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे अनेकों युवाओं को नए रोजगार और नए अवसर मिलेंगे। मैं इसके लिए गरुड़ एयरोस्पेस की टीम को, सारे नौजवान साथियों को बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि यह समय देश के युवाओं का है और पिछले कुछ वर्षों में जो सुधार हुए हैं उनसे युवाओं और निजी क्षेत्र को नयी ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि बजट में प्रौद्योगिकी और नवाचार को प्राथमिकता दी गयी है। इसका परिणाम कि ड्रोन का विविध इस्तेमाल होने लगा है।

सरकार की मंशा शहरों को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त कराने की : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में बने एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट 'गोबर-धन' का लोकार्पण करते हुए कहा कि गोबर-धन कचरे से कंचन बनाने का अभियान है और सरकार की मंशा अगले दो से तीन साल में शहरों को 'कूड़े के पहाड़ों' से मुक्त बनाने की है। पीएम मोदी ने इस प्लांट का वर्चुअली लोकार्पण करते हुए इंदौरवासियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कचरे का ऐसा निष्पादन किसी भी शहर के निवासियों की मेहनत के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर ये संयंत्र लगाया गया है, कुछ साल पहले उसकी पहचान सिर्फ कूड़े के पहाड़ के तौर पर थी। इंदौर नगर निगम ने इस डंपिंग साइट को कड़ी मेहनत से ग्रीन जोन में बदल दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में सीएम भूपेश बघेल का ताबड़तोड़ तीन दिनों तक प्रचार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ताबड़तोड़ लगातार तीन दिनों तक यूपी में चुनाव प्रचार करेंगे। सीएम बघेल शनिवार दोपहर 1 बजे यूपी के लिए रवाना हो गए। लखनऊ पहुंचने के बाद सीएम भूपेश मवई में डोर टू डोर प्रचार किया। इसके अलावा गीता पल्ली, मवई और राजाजीपुरम में पब्लिक मीटिंग में भी शामिल हुए। बता दें कि कांग्रेस, यूपी में फतह हासिल करने के पूरे दमखम के साथ प्रचार प्रसार कर रही है। वहीं पार्टी आलाकमान ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यूपी विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सीएम भूपेश बघेल 22 फरवरी तक यूपी में रहेंगे और डोर टू डोर प्रचार करने के लिए अलावा पब्लिक मीटिंग भी लेंगे।

वहीं रायपुर रवाना होने के पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थानीय कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर कहा कि यदि स्थानीय लोगों में प्रतिभा है मांग कर रहे हैं तो इसे अनदेखा क्यों कर रहे हैं। हम अपनी मांग नहीं रख सकते क्या। राज्यपाल हमारी हैं। हमारी संवैधानिक प्रमुख हैं, इस बात से उन्हें तकलीफ नहीं होना चाहिए। राजनीति करना बंद करें, इस तरह की राजनीति करना छत्तीसगढ़ के हित में नहीं है।

वरिष्ठ पत्रकार रवीश तिवारी का निधन

नई दिल्ली (ए.)। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन एक्सप्रेस के राष्ट्रीय ब्यूरो प्रमुख रवीश तिवारी का निधन हो गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने ट्वीट कर कहा, 'रवीश तिवारी के लिए पत्रकारिता एक जुनून था। उन्होंने इसे आकर्षक व्यवसायों पर चुना। उनके पास रिपोर्टिंग और तीक्ष्ण कमेंट्री के लिए एक गहरी आदत थी। उनका अचानक और चौंकाने वाला निधन मीडिया में एक अलग आवाज को दबा दिया।

पशु तस्करी के सरगना मोहम्मद इनामुल हक को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय ने पशु तस्करी के मामले में मोहम्मद इनामुल हक को गिरफ्तार किया है। उसे शनिवार को दिल्ली कोर्ट में पेश किया जाएगा। हक को पहले भी भारत-बांग्लादेश सीमा पर पशु तस्करी के मामलों में संलिप्तता के लिए गिरफ्तार और हिरासत में लिया जा चुका है। इससे पहले जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने हक को जमानत दे दी थी।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट की मदद से भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशियों की तस्करी से जुड़े मामले में हक को जमानत दे दी थी। यह आरोप लगाया गया था कि भारत-बांग्लादेश सीमा के माध्यम से मवेशियों की तस्करी हक के कहने पर की गई थी और उसने व्यापार में सुविधा के लिए सुरक्षा कर्मियों को रिश्वत दी थी।

सीबीआई भी हक को कर चुकी है गिरफ्तार: इससे पहले सीबीआई ने भी हक को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने यह पाया था कि उसने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर : मुठभेड़ में एक सैनिक की मौत

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू -कश्मीर के दक्षिणी जिले शोपियां में शनिवार को सेना की आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड में एक सैनिक की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। मुठभेड में एक आंतकवादी भी मारा गया है आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के शोपिया जिले के चेरमार्ग गांव में सेना को एक आंतकवादी के छिपे होने की सूचना मिली थी और इसके बाद सेना ने इलाके में खोज अभियान शुरू किया । इसी दौरान आंतकवादी के साथ हुई मुठभेड हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा 'मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए जिन्हें अस्पताल लाया गया और जहां गंभीर घाव के कारण एक सैनिक की मौत हो गई।

गरमा-गरम

वैक्सीन लगवाने के 90 दिन बाद हुआ कोरोना तो आपको बिना टीका का माना जाएगा

WHO ने जारी किए और भी कई गाइडलाइंस

नई दिल्ली (ए.)। अगर आपको टीका लगवाए तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है तो संक्रमण के प्रति लापरवाह रवैया खतरनाक साबित हो सकता है। डब्लूएचओ ने ताजा दिशानिर्देश में कहा है कि अगर संक्रमित मरीज के संपर्क में आने वाला कोई व्यक्ति 90 दिन पहले दोनों डोज लगवा चुका था तो उसे टीकारहित माना जाए। यानी ऐसे संभावित संक्रमित व्यक्ति के इलाज को लेकर सरकारों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है क्योंकि इस अवधि के बाद टीके से मिलने वाली प्रतिरक्षा कमजोर हो जाती है।

पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमण के कमजोर पड़ने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। वैश्विक निकाय ने जो नए प्रोटोकॉल जारी किए हैं, उनसे यही परिलक्षित हो रहा है कि टीका लगवाने के तीन महीने बाद शरीर की प्रतिरक्षा में गिरावट होगी। यानी इस तरह दुनिया की टीका लगवा चुकी एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाल में टीका लेने वाले कम खतरे में

डब्लूएचओ ने अपने ताजा दिशानिर्देश में कहा कि हाल में जिन लोगों ने कोरोना रोधी टीका लिया है, उन्हें संक्रमण जोखिम की श्रेणी में कम खतरे वाला माना जाए। मगर जिन लोगों ने 90 दिनों से ज्यादा समय पहले टीका लगवा लिया है, उन्हें जोखिम प्राथमिकता श्रृंखला में ऊपर रखना होगा क्योंकि उनके शरीर की प्रतिरक्षा समय के साथ घटी होगी। डब्लूएचओ ने यह भी कहा कि अगर टीका लगवा चुके लोग किसी संक्रमित के संपर्क में आ जाते हैं तो उन्हें टीकारहित माना जाएगा ।

13 करोड़ 29 लाख 12 हजार रुपये विभिन्न कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन

- **अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के नौ ग्रामों के लोगों को अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वस्छ पेयजल उपलब्ध होगा।**
- **13 करोड़ 29 लाख 12 हजार रुपये विभिन्न कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन**

बिलासपुर । अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के नौ ग्रामों के लोगों को अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वस्छ पेयजल उपलब्ध होगा। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक में एकल नल जल प्रदाय योजना के तहत 13 करोड़ 29 लाख 12 हजार रुपये के विभिन्न् कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

इनमें विकासखंड लोरमी के ग्राम डंगनिया के लिए 01 करोड़ 72 लाख 34 हजार रुपये, ग्राम जमुनाही के लिए एक करोड़ 39 लाख 35 हजार रुपये, ग्राम सुरही के लिए एक करोड़ 44 लाख 20 हजार रुपये, ग्राम बिंदावल के लिए एक करोड़ 41 लाख 44 हजार रुपये, ग्राम कटामी के लिए 01 करोड़ 40 लाख 94 हजार रुपये, ग्राम निवासखार के लिए 01 करोड़ 35 लाख 98 हजार रुपये, ग्राम डाकाचाका के लिए 01 करोड़ 37 लाख 11 हजार रुपये, ग्राम जोतपुर के लिए एक करोड़ 35 लाख 73 हजार रुपये तथा ग्राम बिजराकछार के लिए एक करोड़ 82 लाख 03 हजार रुपये शामिल है। जिले के 23 गांवों के लिए आमंत्रित निविदा के अंतर्गत प्राप्त दरों, गैर अनुबंधित देयकों का भुगतान और अनुबंधित कार्यों के देयकों का भुगतान का अनुमोदन भी किया। इसके पूर्व कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, नल जल प्रदाय योजना, सोलर आधारित एकल ग्राम योजना, विद्युत आधारित एकल ग्राम योजना तथा इनमें आनलाइन निविदा के अंतर्गत अनुबंध एवं जारी कार्यादेश और स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए रार्निग वाटर की व्यवस्था आदि कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

जिला जल एवं स्वच्छता मिच्चन के सदस्य सचिव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता संजीव बृजपुरिया ने जल जीवन मिच्चन के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दच्चरथ सिंह राजपूत सहित जल एवं स्वच्छता मिच्चन के सदस्यगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

नारायणपुर। कलेक्टर ऋ्तुराज रघुवंशी ने हुच्चाकोटा गावं के प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्कूल की कक्षाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने स्कूल की दीवारों पर अंकित स्लोगन को स्थानीय भाषा में भी लिखवाने के निर्देश प्रधान पाठक को दिये। प्रधान पाठक ने बताया कि बच्चों को गरम भोजन प्रदाय किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदाय किया जाये। इसके साथ ही शासन द्वारा जो मात्रा निर्धारित की गयी है उसकी के अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जाये।

वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया दम

- **महंत जग्गनाथ दास इंग्लिश स्कूल लोरमी में वार्षिक खेल स्पर्धा में विद्यार्थियों ने भाग लिया।**

बिलासपुर । महंत जग्गनाथ दास इंग्लिश स्कूल लोरमी में वार्षिक खेल स्पर्धा में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य अरुण जायसवाल ने उन्हें प्रोत्साहित किया।

खेल स्पर्धा में बच्चों ने विभिन्न् खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने अंदर की खेल प्रतिभा को उजागर किया। समारोह के दौरान प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस, , रिले रेस , बैडमिंटन ,क्रिकेट, कबड्डी, स्पून रेस, बैलून बस्टर एवं शतरंज में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को चार प्रमुख नदियों के नाम पर अलग - अलग हाउस में विभाजित किया गया।

इसमें अरपा नदी , महानदी, शिवनाथ नदी , इंद्रावती नदी इसमें अरपा का रंग हरा, महानदी का रंग लाल , शिवनाथ का रंग नीला , इंद्रावती का रंग पीला के रूप में चिन्हांकित किया गया। क्रिकेट, कबड्डी बालक में इंद्रावती , रेस में महानदी , कबड्डी बालिका में शिवनाथ , बैडमिंटन में अरपा एवं महानदी ,शतरंज में अरपा हाउस के बच्चे विजयी रहे। कार्यर्क्म का संचालन स्कूल के पीटीआइ दिशान जैकब द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों ने विभिन्न् खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कंचन कर्मकार, निधि नायक, प्रीती राजपूत ,अंकिता जानसन, आरती सिंह, गरिमा पाठक , मोनिका कौशिक ,माहेश्वरी पात्रे, मुस्कान यादव, शिफाली सोनी, संगीता साहू, दिशान जैकब,फैजान अहमद ,विजय विश्वकर्मा , वैभव आनंद , अमन एक्का,नवीन राहुल निर्मलकर , वीरेंद्र बंजारे, संतोष मरकाम, धनंजय सहित बड़ी स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

एकलव्य में प्रवेश के लिए होगी चयन परीक्षा

- **अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा तीन अप्रैल को किया जाएगा।**
- **एकलव्य में प्रवेश के लिए होगी चयन परीक्षा**

बिलासपुर । मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी के ग्राम बंधवा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2022-23 में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा तीन अप्रैल को किया जाएगा।

सुबह 10. 30 बजे से 12.30 बजे तक चयन किया जाएगा। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रावीण्यता के आधार पर बालिका वर्ग में 30

और बालक वर्ग में 30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने इस संबंध में बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थी आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा लोरमी में 10 मार्च तक कार्यालयीन समय में जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइटसे डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु एक जुलाई 2022 को दस से 13 वर्ष के मध्य हो, प्रवेश के समय कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग का मूल निवासी होना अनिवार्य है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा प्रश्न पत्र कुल चार खंडों मे होगा प्रत्येक खंड में से 25-25 वस्तुनिष्ठ लघु उत्तरीय प्रश्न 100 अंक के होंगे।

परीक्षा का विषय गणित, अंग्रेजी, हिंदी एवं पर्यावरण होगा। प्रवेश के लिए दस्तावेज कक्षा पांचवी की अंकसूची, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का छायाप्रति, जिला चिकित्सालय बोर्ड का स्वास्थ प्रमाण पत्र प्रवेश के 15 दिन के अंदर उपलब्ध कराना होगा।

हुच्चाकोटा गांव में 10 लाख रूपये की लागत से देवगुड़ी का होगा पुर्ननिर्माण

नारायणपुर। नारायणपुर जिले के नवसर्वेक्षित गांव हुच्चाकोट पहुंचकर कलेक्टर रघुवंशी ने गोटुल में बैठकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने गांव में सड़क, बिजली और पानी की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया।

कलेक्टर को पहली बार अपने गांव में देख ग्रामीण काफी खुश दिखायी दिये। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में देवगुड़ी है, जिसका पुर्ननिर्माण किया जाना है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल मंजूरी देते हुए 10 लाख रूपये की लागत से देवगुड़ी का पुर्ननिर्माण हेतु गांव के पुजारी, गायता, जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमिपूजन कराया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कुमेटी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर श्री घनश्याम जांगड़े के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद थे।

कलेक्टर ने भरंडा, हुच्चाकोट और टेमरूगांव के ग्राम देवी-देवताओं का किया दर्शन

नारायणपुर। कलेक्टर रितुराज रघुवंशी ने आज अपने भरंडा, हुच्चाकोट और टेमरूगांव ग्राम पंचायत के प्रवास के दौरान ग्राम के आराध्य देवी-देवाताओं का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि देवस्थलों का पारम्परिक स्वरूप को संरक्षित करते हुए उन्नयन का कार्य किया जाये।

इस दौरान उन्होंने गांव में देवगुड़ी और गोटुल निर्माण के संबंध में ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि देवगुड़ी और गोटुल को आपके अनुसार ही बनाया जायेगा।

भरंडा पहुंचकर कलेक्टर ने विकास कार्यों में सहयोग करने किया आग्रह

नारायणपुर। कलेक्टर ऋ्तुराज रघुवंशी आज भरंडा प्रवास के दौरान गांव के बीच बैठकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने गांव के विकास हेतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री रघुवंशी ने कहा कि भविष्य में निर्माण और विकास कार्यों को विशेष रूप से प्रारंभ किया जायेगा। इस क्षेत्र के लोगों की आमदनी बढ़ेगी और रोजगार के अवसर उपलबध होंगे। लोगों को अस्पताल, स्कूल और सड़क की सुविधायें मिलेगी। स्थानीय युवा रोजगार हासिल करने में समर्थ होंगे। उन्होंने कहा कि रावघाट परियोजना के अंतर्गत जिले के 12 ग्राम पंचायत शामिल है। जहां निर्माण और विकास मूलक कार्यो के साथ-साथ हितग्राहीमूलक कार्यो पर विशेष रूप से जोर दिया जायेगा। सड़क, बिजली, पानी, पुल-पुलिया का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा आमलोगों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए इन सभी गांवों में मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित किया जायेगा, जिसमें चिकित्सा दल के साथ दवाईया भी उपलब्ध होगी। लोगों के दरवाजे तक चिकित्सा सुविधा पहुंच सकेगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से इन विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान कलेक्टर ने भरंडा गांव के युवा क्लब को क्रिक्रेट किट का भी वितरण किया।

टेमरूगांव को मिलेगी पुल-पुलिया की सौगात

नारायणपुर। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने टेमरूगांव का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव के विकास हेतु गांव के लोगों से उनकी राय ली। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को मुख्य रूप से गांव तक पहुंचने हेतु सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव में पेयजल, बिंजली, हैंडपंप, आंगनबाड़ी, स्टापडेम, स्कूल मैदान समतलीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

जिले को एनिमिया मुक्त बनाया जाएगा : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने ली स्वास्थय विभाग की बैठक**

दंतेवाड़ा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले को एनीमिया मुक्त जिला बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से एमिनिया मुक्ति हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोनी ने डोर टू डोर सर्वे किए जाने एवं एनीमिया जागरूकता दल बनाकर इसके प्रति प्रचार-प्रसार कर लोगों के बीच उत्पन्न भ्रांतियां दूर कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

श्री सोनी ने किट की उपलब्धता एवं मशीनों एवं दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जिले को शत प्रतिशत एनीमिया मुक्त जिला बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ मैदानी स्तर पर कार्य करने को कहा। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि एनीमिया मुक्त पंचायत बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ग्राम सभा मे बैठक ले कर स्थानीय बोली में एनीमिया के प्रति उन्हें जागरूक करें साथ ही अगर एनीमिया किसी व्यक्ति को हो गया है तो इसके आगे क्या किया जाना चाहिए इस पर विस्तृत जानकारी दे। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आईएफए सीरप दी जा रही है इसका निरन्तर मॉनिटरिंग करें। साथ ही स्कूली विद्यार्थियों के अलावा आश्रम, छात्रावासों के विद्यार्थियों का भी अनिवार्य रूप से एनीमिया की जांच की जाए। इस अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी किशोरी बालिकाओं एवं 49 वर्ष तक की सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि खून की कमी से होने वाली बीमारियों के ईलाज के साथ-साथ खून की कमी वाली बालिकाओं और महिलाओं को आयरन टेबलेट्स भी वितरित किये जायें। साथ ही निगरानी कमेटी बनाकर सतत् निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

रूद्रदेव के आशीर्वाद से होगा ताला का विकास

- **तीन दिवसीय ताला महोत्सव के समापन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कही**

बिलासपुर । भगवान रुद्रदेव की नगरी देवरानी जेठानी मंदिर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। उनके आशीर्वाद से ही ताला का विकास होगा। उक्त बातें तीन दिवसीय ताला महोत्सव के समापन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कही।

उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि पंद्रह वर्ष बाद कोई मुख्यमंत्री यहां आए है वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है। ताला का विकास सर्वोपरि है। प्रदेश सरकार यहां की विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत के सभापति संदीप यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव गरीब किसान की हितैषी है।उन्होंने कहा शासन की योजना से गांव के गरीब से गरीब लोगों का आर्थिक विकास हो रहा है।

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जिला पंचायत के मद् से पांच लाख देने की सहमति प्रदान की। जनपद प्रतिनिधि अमर टंडन ने जनपद मद से सहयोग करने की बात कही।कार्यक्रम में राजीव तिवारी, परदेशी ध्रुवंसी,नानक रेलवानी, विनोद दिवाकर ने संबोधित किया। सर्वप्रथम भगवान रुद्रदेव की पूजा अर्चना ,दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सिध्दनाथ आश्रम सेवा समिति अध्यक्ष बजरंग गोस्वामी तथा समस्त पदाधिकारी सदस्यों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह,शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। आभार समिति के संरक्षक कृष्णचन्द्र महापात्र ने किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर नपं बोदरी के उपाध्यक्ष अभिषेक दुबे, पार्षद देवीसिंह ठाकुर, एजाज अहमद, राज बनवार, विनोद यादव, उमेश सोनी अन्य लोग उपस्थित रहे।

मछली पालन व्यवसाय को अपनाकर आत्मनिर्भर बन चुकी है पंकज गोलदार

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ उठाकर मछली पालन करने वाले किसान आर्थिक रूप से संपन्नता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिससे उनके जीवन स्तर में भी अभूतपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है वहीं शासन की योजनाएं भी धरातल पर फलीभूत हो रही है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम सुभाषनगर की श्रीमती पंकज गोलदार मछली पालन व्यवसाय को अपनाकर अब आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम सुभाषनगर निवासी श्रीमती पंकज गोलदार को पहले से ही मछली पालन में लगाव है। वह स्वयं की जमीन में सरकुलर पौण्ड से वर्ष 2021-22 में उन्होंने लगभग 35 लाख मिश्रित प्रजाति का स्पॉन उत्पादन किया था। उक्त 35 लाख स्पॉन में से 25 लाख स्पॉन स्थानीय मत्स्य पालकों को विक्रय किया जिससे उसे 12 हजार 500 रूपये की आय प्राप्त हुई। शेष लगभग 10 लाख स्पॉन का संवर्धन कर स्वयं के तालाब में मत्स्य पालन का काम कर रही है। श्रीमती पंजक गोलदार ने माह 2022 तक लगभग 2 क्विंटल मछली बेंचकर 20 हजार रूपये का शुद्ध आय प्राप्त की है। श्रीमती पंकज गोलदार को मछली पालन इकाई संचालन में रूचि होने के कारण उन्होंने मत्स्य अधिकारी से संपर्क कर मछली पालन हेतु अतिरिक्त तालाब निर्माण के लिए आवेदन किया है।

गुमगराकला में कोयला गड्ढों को पाटने लगाई गई जेसीबी मशीन

अम्बिकापुर। कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर लखनपुर क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन को रोकने हेतु खनिज साधन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विभाग के अधिकारियों ने कोयला खदान के गड्ढों को पाटने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई।

उप संचालक खनिज साधन श्री के.के. गोलाघाटे ने बताया सपना, सुखरी, गुमगराकला, नागमांडा एवं परसोडीकला में लगातार कार्रवाई की जा रही है। विगत दिनों लगातार तीन दिन अमेरा खदान के पास नदी किनारे कोयला उत्खनन क्षेत्र को 5 जेसीबी मशीन के माध्यम से पाटा गया था। दो दिन पूर्व 3 कोयला वाहन जब्त कर कार्रवाई की गई। गुरुवार को सपना, सुखरी, गुमगरा क्षेत्र का जांच किया गया जिसमें 3 अवैध ईंट भट्ठों का केस बनाकर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को विभाग द्वारा कोयला गड्ढे को पाटने जेसीबी मशीन लगाई गई है।

दौरा... गोटुल में बैठकर जनप्रतिनिधियों, गायता, पुजारी से गांव के विकास हेतु की चर्चा

पहली बार कलेक्टर पहुंचे नवसर्वेक्षित गांव हुच्चाकोट

नारायणपुर। कलेक्टर ऋ तुराज रघुवंशी ने आज अपने सघन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत् नारायणपुर जिले के नवसर्वेक्षित गांव हुच्चाकोट पहुंचे। इसके साथ ही भरंडा, और टेमरूगांव का भी दौरा किया। जहां ग्रामीणों ने परम्परागत ढंग से कलेक्टर का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। कलेक्टर श्री रघुवंशी को देख गाँव के ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान कलेक्टर रघुवंशी ने हुच्चाकोट गांव के गोटुल में बैठकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गायता, पुजारी और ग्रामीणों से गांव के विकास हेतु चर्चा की। कलेक्टर रघुवंशी ने कहा कि मैं यहां गांव की मूलभूत समस्याओं को जानने और उन्हें दूर करने आया हूं। आप

सभी अपनी समस्याओं से अवगत करायें, ताकि उन्हें सुलझाया जा सके। ग्रामीणों ने आवागमन की सुविधा हेतु सड़क, पुल,-पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली आदि की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिसे कलेक्टर ने बड़ी ही गंभीरता से सुना और इनके निराकरण हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कुमेटी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर घनश्याम जांगड़े के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद थे।

कलेक्टर रघवंशी ने नव सर्वेक्षित गांव में भ्रमण कर राजस्व सर्वे और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं को जमीनी स्तर पर जानकारी ली। बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उनकी जमीन का पट्टा नहीं मिलने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, पट्टा मिलने के फलस्वरूप उनकी भूमि का समतलीकरण किया गया है। वहीं बकरीपालन हेतु शेड, मुर्गीशेड की भी स्वीकृति मिली है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से उनके आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी ली। इस पर ग्रामीणों ने इन दस्तावेजों के बनाये जाने के संबंध में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने इनकी समस्याओं के निदान कर उक्त दस्तावेज तैयार कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि इस क्षेत्र गांव में स्कूल भवन की मरम्मत की जायेगी। वहीं देवगुड़ी निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसके अलावा जात्रा के लिए 1 लाख रूपये की राशि दी जायेगी। गांव में प्रकाश की सुविधा के लिए सोलर लाईट लगाया जायेगा और इस गांव को मुख्य गांव से जोड़ने के साथ-साथ नारायणपुर की मुख्य सड़क से भी जोड़ने के लिए सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने बाड़ी स्वीकृति करने और महिला स्व सहायता समूह द्वारा बाड़ी में सब्जी इत्यादि उगाने का भी आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि विभिन्न विकास कार्यों की राशि के भुगतान के लिए उन्हें नारायणपुर जाने-आने में दिक्कत होती है। इसलिए उन्हें नकद भुगतान की व्यवस्था करायी जाये। इस पर कलेक्टर ने मनरेगा, पेंशन भुगतान सहित अन्य भुगतानों हेतु बैंक सखी की नियुक्ति करने कहा।

अपने विभाग की जानकारी के साथ मौजूद रहने का आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभागों के सचिवों को निर्देश दिये है कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारी अपने विभाग की जानकारी के साथ मौजूद रहें।

विधानसभा में अपने विभाग के मुद्दों का भली भांति अध्ययन करे एवं विधानसभा में प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग को अनिवार्य रूप से दें। मुख्य सचिव ने कहा कि जानकारी की एक प्रति मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव कार्यालय में भेजें।

अपने विभाग की जानकारी के साथ मौजूद रहने का आदेश

मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने विभाग के ध्यानाकर्षण, स्थगन, प्रश्न काल, शून्य काल इत्यादि के प्रश्नों की पूरी तैयारी करें।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों के प्रशासकीय प्रतिवेदन विधान सभा में समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। इस संबंध में भी संसदीय कार्य विभाग को जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया है। जिन अधिकारियों की ड्यूटी विधानसभा में लगाई गई है वे निर्धारित तिथियों में आवश्यक जानकारी के साथ मौजूद रहें। विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश स्वीकृत न किया जाये। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला और मनोज कुमार पिंगुआ सहित विभिन्न विभागों के सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक में शामिल हुए।

बड़ी संख्या में विधायकों को मिली यूपी की जिम्मेदारी

आपको बता दे कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बड़ी संख्या में विधायकों को यूपी की जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस के करीब 22 विधायकों और पूर्व विधायकों को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भेजा जा रहा है। लिहाजा इस वर्ष बजट सत्र के फरवरी के जगह मार्च में आयोजित की जा रहे है। छत्तीसगढ़ में 7 मार्च से बजट सत्र की शुरुआत होगी। यह सत्र 25 मार्च तक चलना है। इसमें कामकाज के लिए 13 दिनों का समय तय किया है।

बजट का ज्यादातर सत्र फरवरी में ही होता रहा

पिछले कई बार से विधानसभा का बजट सत्र फरवरी में ही बुलाया जाता रहा है। मौजूदा सरकार में 2021 का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हुआ था। 2020 का बजट सत्र 25 फरवरी से 26 मार्च तक चला। दिसम्बर 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद जनवरी 2019 में पहला सत्र आयोजित हुआ। बाद में 8 फरवरी से बजट सत्र की वास्तविक शुरुआत हुई। दोनों बैठकों को आधिकारिक रूप से एक ही सत्र कहा गया। यह सत्र एक मार्च तक चला। पिछली सरकार में भी कुछ अपवादों को छोड़कर फरवरी-मार्च में ही सत्र बुलाए जाते रहे हैं।

पेटल्स बच्चों के अस्पताल की 4 वर्षों की सफलता की कहानी

रायपुर। पेटल्स नवजात शिशु एवं बच्चों के अस्पताल की स्थापना 18 फरवरी 2018 में हुई विगत चार वर्षों से बच्चों की सेवा में पूरी टीम लगन व सेवाभाव से कार्यरत है। पेटल्स अस्पताल की खासियत है कि 24 घंटे प्रतिदिन वरिष्ठ बच्चों के डॉक्टरों के द्वारा ही बच्चों की देखभाल, जॉच व ईलाज होता है। जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान व ईलाज बहुत सफलता व विनम्रता से किया जाता है। अस्पताल के डायेक्टर डॉ. पुजा धुप्पड , डॉ. अरूण कुमार, डॉ. कुलदीपक वर्मा पिछले 15 वर्षों से बच्चों के सेवा में कार्यरत है। गंभीर से गंभीर मरीज, नवजात शिशु व बच्चों की किसी भी प्रकार की सर्जरी का इलाज पेटल्स में तत्परता व उच्चकोटी की सुविधाओं के साथ किया जाता है। अस्पताल में डेंगु, कोरोना की माहामारी के दौरान भी अनेक बच्चों की जान बचाई नवजात शिशु की गहन चिकित्सा इकाई में समय से पूर्व जन्मे शिशु कम वजन के शिशु की उच्च तकनीक व मशीनों द्वारा इलाज कर जान बचाई जाती है। हमारा उद्देश्य समाज में स्वस्थ्य बच्चे रहे, अस्पताल में माताओं का खास, बच्चों की देखभाल के लिए प्रशिक्षण किया जाता है। जन्म के बाद देर से रोये बच्चों का अत्याधुनिक मशीन ब्तपजपबववस द्वारा ब्रेन में होने वाले नुकसान को रोका जाता है। शिशुओं के आंख, कान की जांच व मानसिक विकास हेतु विशेष ओपीडी की संचालन किया जाता है। बच्चों की गहन चिकित्सा ईकाई में फेफड़ों, निमोनिया, हार्ट की तकनीक, किडनी की तकलीफ व अन्य शरीर की कोई भी समस्याओं का उच्च तकनीक द्वारा इलाज किया जाता है। आहार नली का बंद होने पर आने वाली तकलीफ से पीड़ित बच्चों की सर्जरी की इलाज, जिसमें बचने की संभावना मात्र 18 प्रतिशत होती है। उन सभी शत प्रतिशत शिशुओं की जान बचाई गई एमरजेंसी जैसे सांस की नली में बीज का फसना, ब्रेन ट्यूमर भ्मंतज थ्ंसनतम, धड़कन से तकलीफ होना जैसी बीमारी से ग्रसीत बच्चों के जान बचाई गई है। हमारी टीम का खासियत है सभी वरिष्ठ चिकित्सक हमेशा मौजूद रहते हैं। प्रशिक्षित स्टाफ, उच्च कोटी की मशीने की सुविधायें व सर्जरी विभाग, विशेष ओपीडी का संचालन जैसे की बच्चे की हार्मोस संबंधित बीमारीयों, पेट व लिवर किडनी रोग, रक्त रोग जैसे सिकलिंग व थालेसिमिया की विशेषज्ञ ओपीडी हर महिने बाहर से वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जाती है।

भाजपा को छत्तीसगढ़ में कानून का राज रास नहीं आ रहा- कांग्रेस'

- **विष्णु देव साय के बयान पर कांग्रेस ने की कड़ी आपत्ति**

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर कड़ा ऐतराज करते हुए कहा है कि भाजपा को छत्तीसगढ़ में कानून का राज रास नहीं आ रहा। छत्तीसगढ़ में कोई भी अपराधी कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता। किसी भी अपराध का आरोपी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाता है। भाजपा सरकार के समय यही छत्तीसगढ़ अपराधियों का अभयारण्य बन गया था। बाहरी अपराधी आकर वारदातों को अंजाम देते थे और पकड़े नहीं जाते थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक से लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय सहित सारे भाजपा नेता तब निर्लज्ज हो जाते हैं जब सार्वजनिक जीवन में उनके नेता पुलिस, राजनीतिक विरोधियों से गाली गलौज करते हैं और अनुसूचित जाति के युवाओं के साथ मारपीट करते हैं। भाजपा का नया नारा है कि उसके नेता अपराध करें तो लीला है। कवर्धा में अमन चैन बिगाड़ने के आरोपी सांसद तथा पूर्व सांसद के बचाव में ये राजभवन से लेकर स्पीकर तक पहुंच जाते हैं। इन्हें अपराध करने की छूट चाहिए, जो मिलने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि जगदलपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मिली मां, बेटे की लाश के मामले की पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है तथा अपराधी जल्द पकड़े जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून व्यवस्था बिगाड़ने का काम करती है। भाजपा अध्यक्ष विष्णु देव साय कानून व्यवस्था पर व्यर्थ की राजनीति न करें। पुलिस को अपना काम करने दें। दरअसल भाजपा का सारा ध्यान अराजकता फैलाने दंगे फसाद भड़काने तथा गुंडागर्दी करने कराने में ही लगा रहता है। भाजपा पुलिस का मनोबल गिराने का काम करती है। विष्णुदेव साय यह याद रखें कि अब छत्तीसगढ़ पुलिस राजनीतिक मोहरा नहीं है। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने वाली सक्षम पुलिस है।

मन से की गई मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है : राज्यपाल उइके

राज्यपाल छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हुई शामिल

रायपुर (नवप्रदेश)। ''मन से की गई मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है'' उक्त बातें राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज राजभवन में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संघ द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शिववरण शुक्ल के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल उइके ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. शुक्ल का संपूर्ण जीवन शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहा और आयोग के सदस्य एवं अध्यक्ष के रूप में निजी विश्वविद्यालयों को भी उनके अनुभवों का लाभ मिला। अपने संपूर्ण कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में सेवाएं दी तथा शिक्षाविद् के रूप में उनके कार्य विद्यार्थियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा से जुड़े संस्थान और शोधार्थियों के लिए भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि कर्मठ व्यक्ति के लिए कोई भी राह कठिन नहीं होती है और यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि डॉ. शुक्ल न केवल कर्मठ हैं, बल्कि अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते आ रहे हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जो व्यक्ति पूरी तन्मयता के साथ कार्य करता है उसके लिए सभी चुनौतियां बौनी साबित होती है। उन्होंने अपने प्राध्यापक जीवन के दिनों का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो और सबको समान अवसर भी प्राप्त हो। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ. शुक्ल ने ऐसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे दीर्घकाल में आयोग के साथ-साथ छात्र भी लाभान्वित होंगे। सुश्री उइके ने डॉ. शुक्ल के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि बतौर शिक्षाविद् उनका योगदान सदैव अतुलनीय व स्मरणीय रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उमेश पटेल ने भी विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शुक्ल के भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। मंत्री पटेल ने कहा कि सेवानिवृत्ति किसी भी व्यक्ति के जीवन का पड़ाव मात्र है। सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. शुक्ल अपनी रूचि का तथा रचनात्मक कार्य करें, हर्षित रहें, प्रफुल्लित रहें। डॉ. शिववरण शुक्ल ने सम्मान समारोह के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे पूरे कार्यकाल के दौरान अलग-अलग समय पर सभी सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिला है। सभी निजी विश्वविद्यालयों के साथ व समन्वय से आयोग ने नये प्रतिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष के रूप में शिक्षा के बेहतरी के लिए सदैव प्रयत्नशील रहा हूं और सबके सहयोगात्मक भावना के कारण ही यह संभव हो पाया है।

विस् अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर किया नमन

रायपुर। छग विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती पर किया नमन। डॉ महंत ने कहा कि, जब कभी मराठा साम्राज्य की बात आती है तो सबसे पहले शिवाजी महाराज का नाम सामने आता है. शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे. वीर शिवाजी एक बहादुर, बुद्धिमान और निडर मराठा शासक थे. शिवाजी एक धर्मपरायण हिन्दू शासक थे तथा वह धार्मिक सहिष्णु भी थे. शिवाजी महाराज एक बेहतरीन योद्धा ही नहीं बल्कि एक बुद्धिमान शासक भी थे. उन्होंने मराठा साम्राज्य में जाती भेद ख़त्म कर दिया था. भारत में छत्रपति शिवाजी ने सर्वप्रथम नौसेना का निर्माण किया था. शिवाजी के सत्कर्मों की बदौलत उन्हें छत्रपति की उपाधि मिली।

एक्सपर्ट्स ने स्कूलों में दुर्घटनाओं को रोकने विभिन्न पहलुओं पर की व्याख्या

रायपुर/फरवरी। स्कूलों में आपदा प्रबंधन के तहत संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना समय गवाएं तत्काल प्राथमिक उपचार की व्यवस्था और बचाव के उपाय की जानकारी होना जरूरी है।

घर और स्कूल पहुंचकर तुरंत प्रयास करेंगे

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने बीएड कॉलेज रायपुर में शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर कहा कि यह प्रशिक्षण तभी सफल हो जब हम अपने संभावित ऐसी दुर्घटनाएं जिन पर हमारा ध्यान नहीं जाता उन्हें रोकने में कम से कम एक प्रयास घर और स्कूल पहुंचने के तत्काल बाद करेंगे। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तिगत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को मॉकड्रील के माध्यम से बताया गया। प्रशिक्षण में राज्य के सभी जिलो से 125 प्रतिभागी शामिल हुए।

समय बर्बाद किए बिना त्वरित प्राथमिक चिकित्सा के तरीके: प्रशिक्षण में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना समय गवाएं तत्काल प्राथमिक उपचार किए जाने के तरीके बताए गए। गैस सिलेण्डर फटने, आग लगने पर, बाल शोषण, शारीरिक शोषण इत्यादि के संबंध में जानकारी दी। सतत विकास लक्ष्य के बिन्दुओं के बारे में भी बताया गया प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षण भी दिया गया। यूनिसेफकी ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मॉडयूल पेनड्राइव में उपलब्ध कराया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति के कानूनी, मौलिक एवं संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा सभी स्तरों पर सुनिश्चित हो

- **वर्ष 2022 की प्रथम कार्यशाला का किया गया अयोजन**

रायपुर। जिला न्यायालय परिसर मे जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में नालसा की योजना, गिरफ्तारी पूर्व, गिरफ्तारी के समय एवं रिमांड स्तर पर गिरफ्तार व्यक्तियों के विधिक अधिकार के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष की प्रथम कार्याशाला में जिले के समस्त थाना प्रभारी, विवेचक एवं न्यायाधीशगण उपस्थित थे ।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गिरफ्तार व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाना एवं समस्त थानों में नालसा की योजना का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि नालसा द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना संचालित की जा रही है। जिसमें अभियुक्त की आधिकारों को सुरक्षा की गारंटी सुनिचित की गई है। भारत का संविधान एवं कानूनी प्रावधान उपबंध करते है कि हर अभियुक्त की कानूनी, मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार की सुरक्षा सभी स्तरों पर सुनिश्चित हो। इसके लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा गिरफ्तारी पूर्व, गिरफ्तारी के समय एवं रिमांड स्तर पर गिरफ्तार व्यक्तियों के विधिक अधिकार के संबंध में वर्णित योजना के माध्यम से ऐसा किया गया है ।

ग्राम निलजा के लघु कृषक अब खेती के साथ ही मछली पालन की राह पर

- **आमदनी में बढ़ोतरी होने से परिवार में आई खुशहाली**

रायपुर। रायपुर जिला के विकासखंड धरसींवा अंतर्गत ग्राम पंचायत निलजा के कृषक चोवाराम वर्मा अब खेती के साथ-साथ मछली पालन भी करने लगे हैं। धरसींवा से 17 कि.मी. की दूरी पर यह गांव स्थित है। जहां पर आवागमन के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क गांव तक जाती है। इसके पास ही कुरूद (सिलयारी) रेलवे स्टेशन स्थित हैं।

किसान चोवाराम वर्मा एक लघु कृषक है, उनके द्वारा सरकारी मदद से डबरी निर्माण का मांग किया गया। हितग्राही द्वारा 3.5 एकड़ में कृषि कार्य किया जाता है। जिसमें पहले धान की खेती की जाती थी, पानी की कमी होने के कारण दो फसल नहीं लिया जाता था।

हितग्राही के आधा एकड़ खेत में 1 लाख 41 हजार की लागत से डबरी निर्माण कराया गया है जिससे उसे लाभ मिला है। कृषक वर्मा द्वारा डबरी में मछली पालन के लिये औसतन 4500 नग मछली बीज डाला गया है जो कि जून माह में तैयार हो जायेगा। उनके द्वारा डबरी के मेड़ में प्याज तथा सब्जी की बाड़ी लगाई गई है, जिसमें 2 हजार रूपये का प्याज तथा एक हजार रूपये की भिण्डी तथा सेमी के बीज डाले गये हैं, जिससे उसे 3 क्विंटल प्याज प्राप्त हुआ है। जिससे उन्हें आमदनी हो रही है।

सेहत... 27 फरवरी को पिलाई जाएगी खुराक, माइक्रो प्लान किया गया तैयार

जिले में पिलाई जाएगी 3.48 लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक

रायपुर नवप्रदेश। जिले के शून्य से पांच वर्ष तक के 3.48 लाख से ज्यादा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत पोलियो की खुराक 27 फरवरी को पिलाई जाएगी। इसके लिए माइक्रो प्लान तैयार किया जा चुका है। तैयारियों को अंतिम रूप देने लिए जिले में टास्क फोर्स की बैठक 22 फरवरी 2022 को आयोजित की जाएगी। राज्य में 4 लाख पल्स पोलियो की खुराक भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही विकासखण्ड स्तर पर भी तैयारी जारी है। कोई कमी ना रहे इसके लिये निगरानी टीम नियमित रूप से बैठकें कर रही हैं।

पल्स पोलियो अभियान की जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष वर्मा ने बताया पल्स पोलियो अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार है। 27 फरवरी को इस अभियान की शुरुआत की जाएगी। पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले में 3,48,078 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य मिला है। जिले में कुल 1,392 टीकाकरण बूथ बनाए गए है । इन बूथों में 5,568 वैकसीनेटर तैनात रहेंगे। जिला स्तर पर सात निगरानी टीमें बनाई गई है। प्रत्येक टीम में 2 सदस्य होंगे। जिसमें 278 पर्यवेक्षको की निगरानी में प्रत्येक बूथ पर दो सदस्यों वाली दो टीमें रहेगी। लक्ष्यकृत 3.48 लाख बच्चों में अभनपुर के निर्धारित180 बूथों में 0 से 5 वर्ष आयु के 31,908 बच्चें, धरसींवां के 142 बूथों में 30,820 बच्चें, तिल्दा के निर्धारित 222 बूथों में 36,706 बच्चे, आरंग के निर्धारित 221 बूथों में 48,623 बच्चे, रायपुर शहरी क्षेत्र के निर्धारित 590 बूथों में 1,76,465 बच्चे, बिरगाँव के निर्धारित 37 बूथ में 23,556 बच्चे, को पल्स पोलियो अभियान के तहत खुराक दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक शाला, उप स्वस्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक, सामुदायिक, जिला अस्पतालों में पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी और 36 ट्रांजिट टीमें ट्रांज़िट स्थलों पर अभियान में भागीदारी करेंगी।

''रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर में आने वाले मार्गों के नाकों पर भी पोलियो बूथ बनाए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से न छूट जाए। इसके अलावा घुमंतू लोगों के बच्चों और निर्माण क्षेत्र में कार्य कर रहे मजदूरों के बच्चों को भी पोलियो की खुराक टीम द्वारा उनके कार्यस्थल पर जाकर भी पिलाई जाएगी।''

क्यों जरूरी है पोलियो की खुराक

क्यों जरूरी है पोलियो की खुराकपोलियो एक ऐसी बीमारी है जो हड्डियों को कमजोर कर बच्चे को अपंग भी बना सकती है और कई मामलों में इसके कारण मौत भी हो जाती है। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर होती है। उन्हें कई रोगों से बचाने के लिए उनका सही समय पर टीकाकरण बहुत आवश्यक है। शिशु के जन्म से लेकर पांच साल तक के बच्चों को टीकाकरण के माध्यम से कई रोगों से बचाया जा सकता है। ऐसे ही रोगों में से एक है पोलियो, छोटे बच्चों में पोलियो का इन्फेक्शन होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित पांच साल से छोटे बच्चे होते हैं। इन सबसे बचने के लिए बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ।

क्या है उद्देश्य

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मार्च 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था लेकिन पोलियो के खतरे को देखते हुए भारत सरकार अभी भी वर्ष में एक बार पल्स पोलियो का अभियान चला रही है ताकि भारत में पोलियो मुक्त की स्थिति बनी रहे।

जेम से नहीं ई-मानक पोर्टल सेप्स से होगी सरकारी खरीदी

- **कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को जारी किए निर्देश**

रायपुर। प्रदेश सरकार के निर्णय के अनुसार अब सभी विभागों में शासकीय खरीदी राज्य के ई-मानक पोर्टल सेप्स से ही हो सकेगी। राज्य सरकार के उद्योग विभाग ने पहले ही जेम पोर्टल से खरीदी की तिथि 31 मार्च 2021 निर्धारित की थी और निर्धारित तिथि बाद जेम पोर्टल से खरीदी नहीं करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में समय-समय पर उद्योग विभाग द्वारा भी शासकीय विभागों को पत्र लिखकर जानकारी दी जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में शासन ने सरकारी खरीदी की तिथि 28 फरवरी तय कर दी है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर सौरभ कुमार ने सभी जिला अधिकारियों को राज्य के ई-मानक पोर्टल 222.ष्द्गश्चह्य.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ से ही सरकारी उपयोग के लिए सामग्री खरीदने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए विभागीय अधिकारियों को जेम पोर्टल से खरीदी नहीं करने के निर्देश भी दिए है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के भण्डार क्रय नियमों की सूची में शामिल वस्तुओं की खरीदी सीएसआईडीसी द्वारा निर्धारित दरों व शर्तों के आधार पर राज्य के ही आनलाइन पोर्टल से करना अनिवार्य किया गया हैं। इसके साथ ही जेम पोर्टल द्वारा खरीदी की प्रक्रिया को सभी विभाग प्रमुखों को 31 मार्च 2021 तक पूरा करने के निर्देश भी दिए गए थे।

आर्यावर्त को स्वंत्रता दिलाने के लिए मुम्बई में आर्य समाज की स्थापना की

आधुनिक भारत के महान चिन्तक- महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती

वे एक संन्यासी तथा एक चिन्तक थे, उन्होंने वेदों की सत्ता को सदा सर्वोपरि माना, 'वेदों की ओर लौटो' यह उनका प्रमुख नारा था

समाज सुधार के कार्य

महर्षि दयानन्द ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों तथा अन्धविश्वासों और रूढियों-बुराइयों व पाखण्डों का खण्डन व विरोध किया, जिससे वे 'संन्यासी योद्धा' कहलाए। उन्होंने जन्मना जाति का विरोध किया तथा कर्म के आधार पर वेदानुकूल वर्ण-निर्धारण की बात कही। वे दलितोद्धार के पक्षधर थे। उन्होंने स्त्रियों की शिक्षा के लिए प्रबल आन्दोलन चलाया। उन्होंने बाल विवाह तथा सती प्रथा का निषेध किया तथा विधवा विवाह का समर्थन किया। उन्होंने ईश्वर को सृष्टि का निमित्त कारण तथा प्रकृति को अनादि तथा शाश्वत माना। वे तैत्रवाद के समर्थक थे। उनके दार्शनिक विचार वेदानुकूल थे। उन्होंने यह भी माना कि जीव कर्म करने में स्वतन्त्र हैं तथा फल भोगने में परतन्त्र हैं। महर्षि दयानन्द

सभी धर्मानुयायियों को एक मंच पर लाकर एकता स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील थे। उन्होंने दिल्ली दरबार के समय 1878 में ऐसा प्रयास किया था। उनके अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि और ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका में उनके मौलिक विचार सुस्पष्ट रूप में प्राप्य हैं। वे योगी थे तथा प्राणायाम पर उनका विशेष बल था। वे सामाजिक पुनर्गठन में सभी वर्णों तथा स्त्रियों की भागीदारी के पक्षधर थे। राष्ट्रीय जागरण की दिशा में उन्होंने सामाजिक क्रान्ति तथा आध्यात्मिक पुनरुत्थान के मार्ग को अपनाया। उनकी शिक्षा सम्बन्धी धारणाओं में प्रदर्शित दूरदर्शिता, देशभक्ति तथा व्यवहारिकता पूर्णतया प्रासंगिक तथा युगानुकूल है। महर्षि दयानन्द समाज सुधारक तथा धार्मिक पुनर्जागरण के प्रवर्तक तो थे ही, वे प्रचण्ड राष्ट्रवादी तथा राजनैतिक आदर्शवादी भी थे। विदेशियों का आर्यावर्त में राज्य होने का सबसे बड़ा कारण आलस्य, प्रमाद, आपस का वैमनस्य (आपस की फूट), मतभेद, ब्रह्मचर्य का सेवन न करना, विधान पढना-पढाना व बाल्यावस्था में अस्वयंवरविवाह, विषयासक्ति, मिथ्या भाषावाद, कुलक्षण, वेद-विद्या का मिथ्या अर्थ करना आदि कुकर्म हैं। जब आपस में भाई-भाई लड़ते हैं तभी तीसरा विदेशी आकर पंच बन बैठता है। उन्होंने राज्याध्यक्ष तथा शासन की विभिन्न परिषदों एवं समितियों के लिए आवश्यक योग्यताओं को भी गिनाया है। उन्होंने न्याय की व्यवस्था ऋषि प्रणीत ग्रन्थों के आधार पर किए जाने का पक्ष लिया।

दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फ़रवरी टंकारा में सन् 1824 में मोरबी (मुम्बई की मोरवी रियासत) के पास काठियावाड़ क्षेत्र (जिला राजकोट), गुजरात में हुआ था। उनके पिता का नाम करशनजी लालजी तिवारी और माँ का नाम यशोदाबाई था। उनके पिता एक कर-कलेक्टर होने के साथ ब्राह्मण परिवार के एक अमीर, समृद्ध और प्रभावशाली व्यक्ति थे। दयानन्द सरस्वती का असली नाम मूलशंकर था और उनका प्रारम्भिक जीवन बहुत आराम से बीता। आगे चलकर एक पण्डित बनने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए।

उनके जीवन में ऐसी बहुत सी घटनाएं हुईं, जिन्होंने उन्हें हिन्दू धर्म की पारम्परिक मान्यताओं और ईश्वर के बारे में गंभीर प्रश्न पूछने के लिए विवश कर दिया। एक बार शिवरात्रि की घटना है। तब वे बालक ही थे। शिवरात्रि के उस दिन उनका पूरा परिवार रात्रि जागरण के लिए एक मन्दिर में ही रुका हुआ था। सारे परिवार के सो जाने के पश्चात् भी वे जागते रहे कि भगवान शिव आयेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने देखा कि शिवजी के लिए रखे भोग को चूहे खा रहे हैं। यह देख कर वे बहुत आश्चर्यचकित हुए और सोचने लगे कि जो ईश्वर स्वयं को चढ़ाये गये प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकता वह मानवता की रक्षा क्या करेगा? इस बात पर उन्होंने अपने पिता से बहस की और तर्क दिया कि हमें ऐसे असहाय ईश्वर की उपासना नहीं करनी चाहिए।

ज्ञान की खोज

फाल्गुन कृष्ण संवत् 1895 में शिवरात्रि के दिन उनके जीवन में नया मोड़ आया। उन्हें नया बोध हुआ। वे घर से निकल पड़े और यात्रा करते हुए वह गुरु विरजानन्द के पास पहुंचे। गुरुवर ने उन्हें पाणिनी व्याकरण, पातंजल-योगसूत्र तथा वेद-वेदांग का अध्ययन कराया। गुरु दक्षिणा में उन्होंने मांगा- विद्या को सफल कर दिखाओ, परोपकार करो, सत्य शास्त्रों का उद्धार करो, मत मतांतरों की अविद्या को मिटाओ, वेद के प्रकाश से इस अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करो, वैदिक धर्म का आलोक सर्वत्र विकीर्ण करो। यही तुम्हारी गुरुदक्षिणा है। उन्होंने आशीर्वाद दिया कि ईश्वर उनके पुरुषार्थ को सफल करे। उन्होंने अंतिम शिक्षा दी–मनुष्यकृत ग्रंथों में ईश्वर और ऋषियों की निंदा है, ऋषिकृत ग्रंथों में नहीं। वेद प्रमाण हैं। इस कसौटी को हाथ से न छोड़ना।

स्वराज्य के प्रथम सन्देशवाहक

स्वामी दयानन्द सरस्वती को सामान्यतः केवल आर्य समाज के संस्थापक तथा समाज-सुधारक के रूप में ही जाना जाता है। राष्ट्रीय स्वतन्त्रता के लिए किये गए प्रयत्नों में उनकी उल्लेखनीय भूमिका की जानकारी बहुत कम लोगों को है। वस्तुस्थिति यह है कि पराधीन आर्यावर्त (भारत) में यह कहने का साहस सम्भवतः सर्वप्रथम स्वामी दयानन्द सरस्वती ने ही किया था कि 卐आर्यावर्त (भारत), आर्यावर्तियों (भारतीयों) का है卐। हमारे प्रथम स्वतन्त्रता समर, सन् 1857 की क्रान्ति की सम्पूर्ण योजना भी स्वामी जी के नेतृत्व में ही तैयार की गई थी और वही उसके प्रमुख सूत्रधार भी थे।

क्रान्ति की विमर्श

स्वामी दयानन्द सरस्वती ने हरिद्वार पहुँच कर वहां एक पहाड़ी के एकान्त स्थान पर अपना डेरा जमाया। वहीं पर उन्होंने पाँच ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात की, जो आगे चलकर सन् 1857 की क्रान्ति के कर्णधार बने। ये पांच व्यक्ति थे नाना साहेब, अजीमुल्ला खां, बाला साहब, तात्या टोपे तथा बाबू कुंवर सिंह। बातचीत काफी लम्बी चली और यहीं पर यह तय किया गया कि फिरंगी सरकार के विरुद्ध सम्पूर्ण देश में सशस्त्र क्रान्ति के लिए आधारभूमि तैयार की जाए और उसके बाद एक निश्चित दिन सम्पूर्ण देश में एक साथ क्रान्ति का बिगुल बजा दिया जाए।

आर्य समाज की स्थापना

ओउम को आर्य समाज में ईश्वर का सर्वोत्तम और उपयुक्त नाम माना जाता है महर्षि दयानन्द ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 1932 (सन् 1875) को गिरगांव मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की। आर्यसमाज के नियम और सिद्धांत प्राणिमात्र के कल्याण के लिए है। संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।

वेदों को छोड़ कर कोई अन्य धर्मग्रन्थ प्रमाण नहीं है - इस सत्य का प्रचार करने के लिए स्वामी जी ने सारे देश का दौरा करना प्रारम्भ किया और जहां-जहां वे गये प्राचीन परम्परा के पण्डित और विद्वान उनसे हार मानते गये। संस्कृत भाषा का उन्हें अगाध ज्ञान था। संस्कृत में वे धाराप्रवाह बोलते थे। साथ ही वे प्रचण्ड तार्किक थे।

उन्होंने ईसाई और मुस्लिम धर्मग्रन्थों का भली-भांति अध्ययन-मतों में व्याप्त बुराइयों का खण्डन किया है वह भी अपनी बुद्धि के हिसाब से है। उनके समकालीन सुधारकों से अलग, स्वामीजी का मत शिक्षित वर्ग तक ही सीमित नहीं था अपितु आर्य समाज ने आर्यावर्त (भारत) के साधारण जनमानस को भी अपनी ओर आकर्षित किया।

सन् 1872 ई. में स्वामी जी कलकत्ता पधारे। वहां देवेन्द्रनाथ ठाकुर और केशवचन्द्र सेन ने उनका बड़ा सत्कार किया। ब्राह्मो समाजियों से उनका विचार-विमर्श भी हुआ किन्तु ईसाइयत से प्रभावित ब्राह्मो समाजी विद्वान पुनर्जन्म और वेद की प्रामाणिकता के विषय में स्वामी से एकमत नहीं हो सके। कहते हैं कलकत्ते में ही केशवचन्द्र सेन ने स्वामी जी को यह सलाह दे डाली कि यदि आप संस्कृत छोड़ कर आर्यभाषा (हिन्दी) में बोलना आरम्भ कर दें तो देश का असीम उपकार हो सकता है। ऋषि दयानन्द को स्पष्ट रूप से हिंदी

मन्थन किया था। अतएव अपनें चेलों के संग मिल कर उन्होंने तीन-तीन मोर्चों पर संघर्ष आरंभ कर दिया। दो मोर्चे तो ईसाइयत और इस्लाम के थे किन्तु तीसरा मोर्चा सनातनधर्मी हिन्दुओं का था। दयानन्द ने बुद्धिवाद की जो मशाल जलायी थी, उसका कोई जवाब नहीं था।। मगर सत्य यह था कि पौराणिक ग्रंथ भी वेद आदि शास्त्र में आते हैं।

स्वामी प्रचलित धर्मों में व्याप्त बुराइयों का कड़ा खण्डन करते थे। सर्वप्रथम उन्होंने उसी हिंदु धर्म में फैली बुराइयों व पाखण्डों का खण्डन किया, जिस हिंदु धर्म में उनका जन्म हुआ हुआ था, तत्पश्चात अन्य मत-पंथ व सम्प्रदायों में फैली बुराइयों का विरोध किया। इससे स्पष्ट होता है वे न तो किसी के पक्षधर थे न ही किसी के विरोधी नहीं थे। वे केवल सत्य के पक्षधर थे, समाज सुधारक थे व सत्य को बताने वाले थे। स्वामी जी सभी धर्मों में फैली बुराइयों का विरोध किया चाहे वह सनातन धर्म हो या इस्लाम हो या ईसाई धर्म हो। अपने महाग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में स्वामीजी ने सभी

नहीं आती थी। वे संस्कृत में पढ़ते-लिखते व बोलते थे और जन्मभूमि की भाषा गुजरती थी इसलिए उन्हें हिंदी अथार्त आर्यभाषा का विशेष परिज्ञान न था (देखें, सत्यार्थ प्रकाश द्वितीय संस्करण की भूमिका)। तभी से स्वामी जी के व्याख्यानों की भाषा आर्यभाषा (हिन्दी) हो गयी और आर्यभाषी (हिन्दी) प्रान्तों में उन्हे अगणित अनुयायी मिलने लगे। कलकत्ते से स्वामी जी मुम्बई पधारे और वहीं 10 अप्रैल 1875 ई. को उन्होने 'आर्य समाज' की स्थापना की। मुम्बई में उनके साथ प्रार्थना समाज वालों ने भी विचार-विमर्श किया। किन्तु यह समाज तो ब्राह्मो समाज का ही मुम्बई संस्करण था। अतएव स्वामी जी से इस समाज के लोग भी एकमत नहीं हो सके।

मुम्बई से लौट कर स्वामी जी इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) आए। वहां उन्होंने सत्यानुसन्धान के लिए ईसाई, मुसलमान और हिन्दू पण्डितों की एक सभा बुलायी। किन्तु दो दिनों के विचार-विमर्श के बाद भी लोग किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सके।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आकर विराजो

आकर विराजो जग-कंठ में विनती सुनो वागेश्वरी। निष्प्राण होते उर 'अधर' को, दो शब्द - मधु प्राणेश्वरी। हो ज्ञान-पिंगल दायिनी माँ! सर्वज्ञ हो सर्वेश्वरी। युग-शिशु निहारे मुख तुम्हारा, हे शुचि सुमुखि अखिलेश्वरी। निसर्ग का सौन्दर्य असीम है अनन्त है। प्रेम के स्वरूप का प्रतीक यह वसन्त है।

- शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'

मुझ पे हैं सैकड़ों

मुझ पे हैं सैकड़ों इल्ज़ाम मेरे साथ न चल। तू भी हो जाएगा बदनाम मेरे साथ न चल।। तू नई सुबह की सूरज की है उजली सी किरन। मैं हूँ इक धूल भरी शाम मेरे साथ न चल।। अपनी खुशियाँ मुझ पर कुर्बान न कर। मुझ से मत माँग मेरा नाम मेरे साथ न चल।

- कमलकांत डोंगरे

खास पाती

मुझे सुकून कि जरुरत है

मकाश बोल पाती आंखे हमारी तो यकीनन यही कहती, सोने दो मुझे इक अंतराल के लिए,झे सुकून कि जरुरत है , मै सोना चाहती हूं..! नहीं है मुझ में सामर्थ्य कि मैं सहती रहूं तुम्हारी मनमानियां, चिपकी रहूं समोबाइल से देखती रहूं शैतानियां मुझे भी पसंद है अंधेरे डसते है कभी मुझे ये उजाले थक जाती हूं मैं बोल नहीं पाती हां रोना चाहती हूं, सोने दो मुझे इक अंतराल के लिए मै सोना चाहती हूं । ना थकाओ मुझे इतना कि मैं शक्तिहीन हो जाऊं भविष्य में तुम्हारे किसी काम ना आऊं मुझे भी बहुत पसंद हैं सुशोभित धरा ये खिलती कलियां ये फूल नजारे खोकर दृष्टि मैं नहीं खोना चाहती हूं सोने दो मुझे इक अंतराल के लिए मैं सोना चाहती हूं ।

- किरन भण्डारी

गाय दुहने के समय दूध की

गाय दुहने के समय दूध की पहली धार जब पात्र से टकराती है तो वह ध्वनि तीक्ष्ण पर अकेली होती है.फिर पात्र के क्रमशः भरते जाने से जो एक संगीत पैदा होता है वह मंद्र और मध्य षड्ज के बीच ही रहता है.तार सप्तक से बिलकुल परहेज.भरे तार तक पहुँच ही नहीं पाते।

- शेष अमित

दिल्ली के ठग के बारे में ये कोई

दिल्ली के ठग के बारे में ये कोई नई बात नही है कुर्सी के लिये ये कुछ भी कर सकता है, पहले शाहीन बाग, फिर दिल्ली दंगे, फिर फर्जी किसान आँदोलन में इसकी भूमिका, ये सब इस धूर्त शातिर दिमाग की ही कारस्तानी ही थी ये दिल्ली का ठग आतंकवादी से भी दो कदम आगे है। **- विजय पाण्डेय**

दिल इबादत की दरगाह है... और मुहब्बत उस दरगाह की इबादत

दिल इबादत की दरगाह है... और मुहब्बत उस दरगाह की इबादत। यह पाक रिश्ता खुदा का , बंदो को नयाब सौगात है। दिल से मुहब्बत के मुबारक पल सलाम...यह रूह से रूह की रवानगी का सबब है।

- मीनू वौहरा

अब तो तक़रार भाने लगे हैं

अब तो तक़रार भाने लगे हैं ख़फ़ा को प्यार जताने लगे हैं । गाए नग़मे, गीत भी मिलन के फूलों के सेज़ पे फिल्माने लगे हैं । फूल, तितली व भौरे हैं इकट्ठे मोहब्बत में आज इतराने लगे हैं । हाथों की मेहंदी रँगते सर पे मधुमास बसन्त आने लगे हैं प्रीत से प्रीत अंतर्मन सजीली तन मन ज्वलन्त लुभाने लगे हैं । गाल गुलाबी , नयन शराबी से लफ़्ज़ों में मधुरस महकाने लगे हैं । चलो जी भर के मदमस्त हो जाएं एहसास भी ऐसे कि मुस्कुराने लगे हैं । **- सुरेश वैष्णव**

तुम यूँ चमको ज्यूँ क्षितिज पे दिनकर आस नयी इक लाता है

तुम यूँ चमको ज्यूँ क्षितिज पे दिनकर आस नयी इक लाता है , नभ अँगड़ाई लेकर तम से जग में प्रकाश फैलाता है! तुम यूँ महको , नव-भोर में कलियाँ खिलकर पुष्प बनें जैसे, रंगों की छटाएँ बदल-बदल हर पल नव-रूप धरें जैसे!! तुम यूँ चहको, वृक्षों की शाख़ों पर पाखी गूंजें जैसे, मन के संतूर पे नव-वसंत के सुर ?? लय में थिरकें जैसे मेरे प्रेम की सरिता बहती है निर्बाध तुम्हारी ओर प्रिये, ज्यूँ दिग्-दिगंत महके है प्रीत तुम्हारी संध्या-भोर प्रिये। **- डॉ कविता माथुर**

QUIZ TIME

1) मंगल ग्रह पर एक रोवर को लैण्ड कराने वाला विश्व का दूसरा देश कौन-सा है?
2) 'सुपर फ्लावर ब्लड मून' के नाम से जाना जाने वाला चन्द्रग्रहण कब दिखाई दिया?
3) 1 जून 2021 की स्थिति के अनुसार कोविड-19 बीमारी से बचाव हेतु भारत में कौन-सी वैक्सीन लगाई गई?
4) हाल ही में सेना ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय की सहायता से कहाँ पर क्वांटम कंप्यूटिंग प्रयोगशाला और अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केंद्र की स्थापना की?
5) भारतीय मूल के किस शतरंज खिलाड़ी ने दुनिया के सबसे युवा ग्रांडमास्टर बन गए हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) 26 मई, 2021 (3) स्पूतनिक वी, कोवैक्सीन और कोविशील्ड (4) मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, महू (मध्यप्रदेश) (5) अभिमन्यु मिश्रा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1707 : मुगल शासक औरंगजेब का अहमदनगर में निधन हुआ। 1710 : जोहान विलेम फ्रिसो ग्रोनिंगन को नीदरलैंड का वाइसराय बनाया गया। 1737 : फ्रांस के वित्त मंत्री चौवेलिन ने इस्तीफा दिया।1745 : जेकोबिक सैनिकों ने फोर्ट ऑगस्टस, स्कॉटलैंड पर कब्जा कर लिया। 1768 : पहली अमेरिकी चार्टर्ड फायर बीमा कंपनी खुली। 1792 : डाक सेवा अधिनियम, संयुक्त राज्य डाकघर विभाग की स्थापना, राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन द्वारा हस्ताक्षर किए गए। 1810 : टाइरोलियन विद्रोही नेता एंड्रियास हॉफर को निष्पादित किया गया। 1811 : ऑस्ट्रिया को दिवालिया घोषित किया गया। 1827 : इटुजिंगो की लड़ाई (पेसो दो रोजारियो) में ब्राजील के इंपीरियल आर्मी के एक दल ने अर्जेंटीना-उरुग्वेयन सैनिकों से युद्ध में भाग लिया। 1846 : अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा किया। 1868 : अमृत बाजार पत्रिका का पहला साप्ताहिक अंक बंगाली में प्रकाशित हुआ। 1869 : टेनेसी के गवर्नर डब्ल्यू सी ब्राउनलो ने कु क्लक्स क्लान संकट में मार्शल लॉ की घोषणा की। 1872 : मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट का उद्घाटन न्यूयॉर्क शहर में किया गया। 1873 : कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपना पहला मेडिकल स्कूल खोला। 1915 : सैन फ्रांसिस्को ने पनामा-प्रशांत अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। 1921 : चेकोस्लोवाकिया की युवा कम्युनिस्ट लीग की स्थापना हुई। 1947 : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लेमेंट अट्ली ने घोषणा की कि ब्रिटेन 30 जून 1948 तक भारत को छोड़ देगा।

सरकार गरीब बेटियों के साथ खड़ी है : अनिला भेड़िया

■ शासकीय योजनाओं का लाभ उठा कर सक्षम बने : भगत

राजिम/गरियाबंद/नवप्रदेश। पवित्र महानदी, सोंढूर, पैरी के त्रिवेणी संगम के श्री राजीवलोचन मंदिर परिसर में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब पूरा मेला क्षेत्र विशाल विवाह मंडप में बदल गया था। अवसर था मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह का इस आयोजन में यहां 113 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। राजिम माघी पुन्नी मेला के अवसर पर यह ऐतिहासिक पल था कि जिले गरीब 113 बेटियों के हाथ हजारों लोगों की गवाही में पीले हुए। श्री भगवान राजीवलोचन और श्री कुलेश्वरनाथ की पावन धरा में बेटियों को महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, महासमुंद लोकसभा के सासंद चुन्नीलाल साहू, अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू, धरसीवां विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों का आशीर्वाद मिला। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने वर-वधु को आशीष और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक शुभ अवसर है, कि आज राजिम के पवित्र धरा पर सामुहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि आज शुभ अवसर है जहां बेटियों को आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार की जिम्मेदारी बेटियों पर होती है। वे परिवार और समाज को जोड़ कर रखती है। बेटियां शासन की योजना का लाभ उठाकर सक्षम बने। 3 प्रतिशत ब्याज की दर पर महिला कोष और सक्षम योजना से ऋण लेकर ब्यवसाय प्रारमभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बेटियों के लिए ब्याज की दर को 6 प्रतिशत से कम कर मात्र 3 प्रतिशत कर दिया। उनके प्रति मंत्री श्रीमती भेड़ियां ने आभार प्रकट किया। मंत्री ने नवदाम्पत्य को सफ ल और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि कोई भी परिवार अपने आप को कमजोर न समझे, सरकार हमेशा उनके साथ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और सम्मान के लिए कार्य कर रहे हैं। कर्ज माफी सहित समर्थन मूल्य, मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना का जिक्र कर कहा कि सरकार हर वर्ग का ध्यान रख रही है । उन्होंने सरकार के तरफ से सभी नवदम्पति को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल द्वारा बेटियों की शादी के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया है। यह एक संवेदनशील निर्णय है। उन्होंने सभी बेटियों को आशीर्वाद दिया । इस सामूहिक विवाह के अनुकरणीय पहल के लिए मंत्री श्रीमती भेड़िया ने कलेक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को भी बधाई दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नवापारा धनराज मध्यानी, राजिम नपा अध्यक्ष रेखा राजू सोनकर, जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर पुष्पा साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, भावसिंह साहू, पदमा दुबे, विकास तिवारी, कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव एवं महिला बाल विकास के अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का तथा वर-वधु के परिवार व आगंतुक भी मौजूद थे। गायत्री परिवार के वैदिक मंत्रोच्चार और रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व वधु एवं वर पक्ष से अधिकारी-कर्मचारी बाराती और घराती बने। वर पक्ष को बाजे-गाजे के साथ स्वागत कर बारात निकाली गई । वहीं वधु पक्ष ने फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा मेला स्थल विवाहमय नजर आ रहा था। इस सामुहिक विवाह में देवभोग से पहुंचे कन्या गीता, मालवी प्रधान, फिंगेश्वर के बैशाखिन तारक, कामिनी बंजारे, महेन्द्री छुरा के कुमारी दामिनी, डुमेश्वरी ने इस आयोजन के लिए शासन-प्रशासन का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह शादी हमारे जीवन के लिए यादगार क्षण है।

सशिमं में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

खरोरा/नवप्रदेश। आजादी के 75 साल पूरे होने पर अब देश भर में 15 अगस्त आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आजादी के महोत्सव को एक जन आन्दोलन देने एवं जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 18 फ रवरी को भैया/बहनों का नगर में घोष दल के साथ भव्य पथ संचलन किया गया। इस पथ संचलन में सरस्वती शिशु मंदिर के लगभग 51 नया/बहने देश भक्ति के गौरव एवं वीरता के साथ महापुरूषों के में भारत माता झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, आजाद भगत सिंह, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद बनकर नगर झांकी निकाली गयी। इस अमृत महोत्सव में विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर, कंचन वर्मा, रंजीता गुप्ता, यशवनी निषाद, भारत वर्मा, लक्ष्मी देवांगन, प्रियंका वर्मा एवं आचार्य/ दीदीयों का सहयोग सहरानीय रहा।

पान सेंटर से नकदी और सामान चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के दलदली रोड स्थित पान सेंटर का ताला तोड़कर अज्ञात ने नकदी और सामान पार कर दी। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। दुकान संचालक जगतराम महानंद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर रात अज्ञात ने दुकान का ताला तोड़कर 10, 20, 50,100, 200 व 500 के नोट एक केल्कुलेटर समेत 10 हजार 2 सौ रुपए के सामान की चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

रेलवे ट्रैक पर मिली अज्ञात पुरुष की लाश

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंडा रेलवे ट्रैक पर अज्ञात पुरुष की लाश मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मृतक की उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। मृतक के संबंध में पुलिस को अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस पहचान में जुटी है। रेलवे स्टेशन बेलसोंडा के कर्मचारी टीकाराम निषाद ने पुलिस को जानकारी दी कि बुधवार रात 10 बजे एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी है।

लंबित राशि भुगतान की मांग, आबां कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। योजनाओं के क्रियान्वयन में खर्च मानदेय की राशि का भुगतान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब तक नहीं मिला पाया है। शुक्रवार को लंबित राशि भुगतान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। छग जुझारु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के बैनर तले सुधा रात्रे और सुलेखा शर्मा ने विभागीय कर्मी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होने बताया है कि लड्डू की राशि 2018 से लंबित है। सूखा राशन का 40 फीसदी, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और हड़ताल अवधि के 22 दिन का मानेदय और विभागीय कार्य के लिए रजिस्टर की अनुपलब्धता के लिए उन्होने अपनी मानदेश् की राशि खर्च कर पूरा किया है। जिसकी कुछ राशि का भुगतान कर दिया है लेकिन इसमें बचत राशि का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मूर्खतापूर्ण बयानबाजी न करें विधायक उत्तरी जांगड़े, अभी कोर्ट ने नहीं दिया फैसला : भूतनाथ

बरमकेला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत लेंध्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष भूतनाथ पटेल ने सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि विधायक मूर्खतापूर्ण बयानबाजी न करें। अभी हाईकोर्ट ने कोई फैसला नहीं दिया है। सारंगढ़ विधायक को पता होना चाहिए कि बरमकेला ब्लॉक के 96 में से लगभग सभी ग्राम पंचायतों ने रायगढ़ जिले में यथावत रहने को लेकर प्रस्ताव पारित किया है। क्या विधायक बरमकेला जनता के खिलाफ है या किये गये ग्रामसभा प्रस्ताव पर विश्वास नहीं? यदि विश्वास नहीं तो पुनः आदेश करवा कर जनता की राय ले लें, पर बरमकेला ब्लॉक की आम जनता के साथ इस प्रकार का व्यवहार न करें। लेंध्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष भूतनाथर पटेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को लेकर बरमकेला सरपंच संघ के अध्यक्ष ओंकार पटेल द्वारा हाईकोर्ट बिलासपुर में अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर करते हुए सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में नवगठित जिले में बरमकेला व सरियांचल क्षेत्र को शामिल करने की अधिसूचना को रद्द करने की मांग की थी। इस पर अतिरिक्त महाधिवक्ता मीना शास्त्री ने यह कहते हुए आवेदन को निरस्त कर दिया कि इसी विषय को लेकर 4 जनहित याचिका पहले से ही दायर है जिसकी सुनवाई लंबित है। ऐसे में इसी तरह का एक अन्य याचिका पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। इस आवेदन के निरस्त होने पर सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े का स्थानीय अखबारों व वेबपोर्टल में बयान आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि जिला निर्माण के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर विरोधियों की हवा निकाल दी है। इस बयान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री पटेल ने पलटवार करते हुए विधायक जांगड़े को नसीहत दी है कि कोर्ट में विचाराधीन मामले के खिलाफ इस तरह को बड़बोड़ापन ठीक नहीं है। क्योंकि कोर्ट ने सिर्फ एक आवेदन खारिज किया है न कि प्रकरण। इसलिए विधायक पहले अच्छी तरह से सोच समझ लें फिर हवा हवाई बयानबाजी करें। वैसे भी कोर्ट में विचाराधीन मामले को लेकर राजनीति करना कतई उचित नहीं है। वैसे भी सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को लेकर किसी विशेष पार्टी वर्ग द्वारा विरोध नहीं किया जा रहा है। 220 से अधिक गांवों के आमजनता द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है। जिसमें खुद विधायक उत्तरी जांगड़े के विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेस नेता व सदस्य भी शामिल हैं। विधायक खुद के पार्टी के लोगों व 220 से अधिक गांवों के लोगों को विरोधी बता कर हवा निकलने की बात न करें। क्योंकि कोर्ट ने भी फैसला नहीं सुनाया है।

बहु की हत्या का प्रयास करने वाले सास व दादा ससुर गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम मगरवाह निवासी पीड़िता नम्रता टंडन काफी दिनों से मायके नहीं गई थी 16 फरवरी को पीड़िता अपने मायके जाना चाहती थी। इस बात को लेकर सास दुजा बाई और दादा ससुर खेलावन उर्फखेलन टंडन ने आपत्ति की। जिस पर सास-बहु में कहासुनी हो गई। मामला इस कदर बिगड़ गया कि पीड़िता की सास दुजा बाई टंडन, दादा ससुर खेलावन टंडन दोनों एक राय होकर पीड़िता को जान से मारने की नियत से पीड़िता पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी। जिससे पीड़िता के चेहरा, दोनों हाथ, छाती, कमर, पेट, पैर पुरी तरह जल गए जिसे गंभीर अवस्था मे उपचार के लिए निजी अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया। जहां पीड़िता जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही है। पीड़िता का बयान रायपुर अस्पताल में कार्यपालिक दण्डाधिकारी से कराया गया जिसमें पीड़िता द्वारा उसकी सास और दादा ससुर द्वारा जान से मारने की नियत से मिट्टी तेल डाल कर आग लगाना बताने से थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 64/22 धारा 307, 34 का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच उपरांत दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गोधन न्याय योजना प्रदेशवासियों के लिए एक वरदान : सुमन

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम रायखेड़ा जनपद पंचायत तिल्दा में गोधन न्याय योजनांतर्गत गोधन (गोबर) खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने गोठान में गौमाता की पूजा अर्चना कर गोपालक किसानों से गोबर खरीदी की औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए खरीदी केंद्र जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन देवव्रत नायक ने कहा कि भूपेश सरकार की दूरदर्शिता व किसानों के प्रति संवेदनशीलता का सदपरिणाम है कि गोधन के साथ सच्चा न्याय हो रहा है। हम सनातन के अनुयायियों के लिए गौमाता सभी देवी-देवताओं से सर्वोत्तम स्थान रखती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि 2500/- धान के समर्थन मूल्य एवं गोबर बिक्री से किसान कर्जमुक्त होकर समृद्धि की ओर निरंतर अग्रसर हैं जिसका श्रेय हमारे छत्तीसगढ़िया मुखिया को जाता है। कार्यक्रम में नगर पालिका नेवरा व कृषि उपज मंडी नेवरा के पूर्व अध्यक्ष डोगेन्द्र नायक, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण देवव्रत नायक, जनपद तिल्दा महिला बाल विकास की सभापति सरजा ठाकुर राम वर्मा, सरपंच सुकबती कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य संतोष कुर्रे, उपसरपंच बद्री वर्मा, ग्रामसभा अध्यक्ष झाड़ू राम वर्मा, पंचगण, गोठान समूह अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, संचालन कर्ता गौ सोना महिला स्वच्छता समूह के पदाधिकारियों के अलावा काफ ी संख्या में गोपालक किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

बेचापाल से भोपालपटनम बस सेवा शुरू

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र बेचापाल से भोपालपटनम के लिए शनिवार से बस सेवा शुरू हो गई है। इस मौके पर विधायक विक्रम मंडावी, डीआईजी सीआरपीएफकोमल सिंह, कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप एवं सीईओ जिला पंचायत रवि साहू ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। वहीं सभी ने ग्रामीणों के साथ बस में सवार होकर बेचापाल से चेरली तक सफर किया। उक्त बस सेवा शुरू होने से अब धुर नक्सली प्रभावित क्षेत्र के एक बड़ी आबादी को तहसील मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक आवागमन सुविधा मिलेगी।

बोर्ड की परीक्षा ऑनलाइन कराने व तिथि बढ़ाने की मांग

■ बीईओ को सौंपा ज्ञापन

खरोरा/नवप्रदेश। मार्च की पहली तारीख को शुरू हो रही 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर खरोरा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कोरोना महामारी में लॉकडाउन के चलते लम्बे समय से स्कूलों में ताला लटका था। इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हुई है। लोकल कक्षाओं के बच्चों को छोड़ दे तो 10वीं, 12वीं बोर्ड क्लास के बच्चे पढ़ाई को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे। अब एग्जाम की तारीख तय होने से इनकी चिंता और बढ़ गई। इन्हीं कारणों के चलते बड़ी संख्या में खरोरा हाई स्कूल के विद्यार्थी तथा कुल 7 स्कूल के विद्यार्थीयो ने तिल्दा पहुंचकर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के नाम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने सीबीएसई की तर्ज पर प्रदेश में हो रही 10वीं 12वीं एग्जाम की तारीख आगे बढ़ाने अथवा तय तारीख पर ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन एग्जाम लेने की मांग की है।

किशोरी को भगाकर किया अनाचार, गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। 14 साल की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट व अनाचार का मामला दर्ज किया है। आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तीन महीने तक लड़की को अपने साथ रखने के बाद युवक ने छोड़ दिया था। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो आरोपी के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी कमल धृतलहरे को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग को प्रलोभन देकर उसे भगा ले गया था। तीन महीने उसे बाहर रखा, उसके बाद घर लेकर आया। वर्तमान में अब युवक उसे रखने से मना कर रहा है।

यूपी जैदपुर विस में विधायक विनोद चंद्राकर ने संभाली कमान

महासमुंद/नवप्रदेश। उत्तरप्रदेश में चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। इसी कड़ी में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर लगातार उत्तरप्रदेश के जैदपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। चुनाव के लिए बनाए गए पर्यवेक्षक संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने जनता से कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने मसौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत नासीरनगर, चंदनपुरा, रामनागरा, धरौली में बैठक लेकर प्रतिज्ञा पत्र में की गई घोषणाओं की जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को जिताने का संकल्प भी दिलाया। गौरतलब है कि कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के बेटे हैं। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि पूरे उत्तरप्रदेश में किसान उत्साहित हैं कि राहुल गांधी ने जो वादा किया उसे छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों में पूरा किया है। वे समझ रहे हैं कि कांग्रेस ही किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रतिज्ञा पत्र व भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र चुनाव में जीत का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन चुका है। हर बूथ को जीतना है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के साथ जनपद सदस्य कुणाल चंद्राकर व दिलीप चंद्राकर उत्तरप्रदेश के दौरे पर हैं।

गज का आतंक : बीती रात हाथियों ने रात भर मचाया उत्पात

रामानुजगंज/नवप्रदेश। नगर सीमा से 8 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मितगई के बहेराखाड़ एवं परसाटोली में बीती रात दो हाथियों के द्वारा दो घरों में तोड़फोड़ की। वही घर में रखे अनाज को भी चट कर गए जिसके बाद हाथी जंगल की ओर निकल गए।

सूचना पर मौके पर जिला पंचायत के सभापति राजेश यादव पहुंचे एवं वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। बीती रात 2 बजे के करीब दो हाथी विजयनगर जंगल होते हुए मितगई के बहेराखाड़ में पहुंचे। जहां उन्होंने प्रमोद पाल के घर को रात्रि 12 बजे के करीब तोड़ा व घर में रखे अनाज को भी चट कर दिया। वहीं शनिवार सुबह 3 बजे के करीब दोनों हाथी परसाटोला पहुंचे। यहां उन्होंने चलितर के घर को नुकसान पहुंचाया। हाथी के गांव में पहुंचने से ग्रामवासियों में दहशत का माहौल है। मितगई में दो घरों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथी शनिवार दिन भर वन वाटिका के नजदीक जंगल में डटे रहे। रेंजर संतोष पांडे के निर्देश पर वन अमला द्वारा हाथियों के गतिविधियों पर नजर बनाए रखा। वहीं जंगल में बने घरों एवं मितगई रोड में आने जाने वाले लोगों को हिदायत भी देते रहे।

3 रात में 5 गांव के 9 घरों को पहुंचाया नुकसान

धमनी रेंज में दोनों हाथी 15 की रात में पहुंचे थे। जहां उन्होंने ग्राम टिकीढीरी, अनपारा, लोधा नावाडीह, बसेरा में 3 रात में 9 घरों को नुकसान पहुंचाया। धमनी रेंज के रेंजर अजय वर्मा ने बताया कि हाथियों के द्वारा तीन रास्ते में 9 घरों को आंशिक क्षति पहुंचाई है। हाथियों ने उन्हीं घरों को नुकसान किया है जो जंगल में बने थे या जंगल के किनारे थे। हम लोगों ने क्षति का आकलन कर लिया है। मुआवजा का वितरण जल्द किया जाएगा। वहीं डीएफ ओ लक्ष्मण सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि हाथी से बिल्कुल छेड़छाड़ न करें दूर रहे साथ ही वन कर्मचारियों के दिशा निर्देश का पालन करें।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पेट्रोल पंप कमर्चारी की मौत

■ आक्रोशित लोगों ने किया शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। पामगढ़ में 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से पेट्रोल पंप कमर्चारी की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर आवागमन बन्द रहा। परिजनों में इस बात को लेकर आक्रोश था कि उन्हें बिना सूचना के शव को उठा लिया गया। चक्काजाम के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद रही। शुक्रवार को पामगढ़ के अकलतरा मोड़ के पास जुनेजा पेट्रोल पंप में उस वक्त बड़ा हादसा हो गया। जब कर्मचारी आशीष निर्मलकर, झंडा लगाने के लिए ऊंची सीढ़ीनुमा लोहे को लेकर जा रहा था और वह 11 केवी तरंगित तार की चपेट में आ गया। करंट से आग लग गई और पम्प कर्मचारी धूं-धूं कर जलने लगा। यहां मौके पर ही कर्मचारी आशीष निर्मलकर की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस पहुंची थी। यहां जब परिजन पहुंचे तो इस बात को लेकर आक्रोशित हो गए कि बिना सूचना के शव को मौके से उठा लिए थे। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया है और करीब डेढ़ घण्टे से शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम रहा। यहां पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर है और सड़क की दोनों ओर वाहनों की कतार लगी है। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया एवं पुलिस के अधिकारी पूरे फोर्स के साथ उपस्थित थे।

दो घंटे के बाद चक्काजाम हुआ समाप्त

करीब दो घंटे तक शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम था। यहां पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर थी और सड़क की दोनों ओर वाहनों की कतार लगी थी। पेट्रोल पंप संचालक द्वारा 1 लाख रुपये मुआवजा देने के बाद मामला शांत हुआ। पामगढ़ एसडीएम करुण डहरिया ने बताया कि घटना के बाद चक्काजाम किया गया था। पेट्रोल पम्प संचालक ने 1 लाख की मदद की है. फिलहाल, मार्ग पर आवागमन बहाल हो गया है।

युवा हमारे देश के भविष्य हैं इनमें जनसेवा की संभावना होगी उत्पन्न : राजेश्री महंत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। पंचायत भवन के पीछे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुस्मा में श्री महन्त लालदास महाविद्यालय शिवरीनारायण के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगाया गया है। इसका शुभारंभ 18 फरवरी को रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ शिव कुमार पांडे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इसमें महामंडलेश्वर के पद से विभूषित राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अध्यक्षता की विशिष्ट अतिथि के रूप में तेली गाना बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के प्रथम अध्यक्ष संदीप साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डॉ पांडे ने कैंप की छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस से जुड़े हुए युवा हमारे भविष्य हैं। इनमें जनसेवा की अपार संभावनाएं हैं। एनएसएस के द्वारा इस तरह लगाए जाने वाले शिविर से इनमें राष्ट्रीयता की भावना उत्पन्न होती है। यह हमें मिल जुल कर रहना सिखाता है। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि इस शिविर से आपको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जिस गांव में यह शिविर लगा है वहां आप अपना छाप छोड़ कर जाएं यही इस शिविर की सफलता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि ग्राम तुस्मा भगवान शिवरीनारायण का अंग है। यहां के किसानों के द्वारा उत्पन्न किया गया चांवल भगवान को भोग लगता है, जिसका प्रसाद हम सभी प्राप्त करते हैं। नरवा, गरवा, घुरवा बारी का शुभारंभ राज्य के मुख्यमंत्री ने किया है जिसका लाभ छत्तीसगढ़ वासियों को प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना से हममें अपने कर्तव्य पथ पर चलने का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात सभी अतिथियों ने ग्राम तुस्मा में शिवरीनारायण मठ के द्वारा संचालित गौशाला का अवलोकन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से रायपुर से आई हुई सरिता पांडे, दीवान, मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, महन्त लालदास महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश पटेल, प्रधानाचार्य जेआर कश्यप, प्रोफेसर कौशिक, ताम्रध्वज पटेल, राजेश श्रीवास, इतवारू गोंड, कमलेश पटेल, शिवकुमार साहू, गौतम साहू, बलराम पटेल, पुनीराम साहू, घनाराम साहू, धन्नू साहू, बरतराम यादव, सहित अनेक गणमान्य जन एवं शिविर में भाग लेने वाले छात्र छात्रा तथा पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित थे।

इंटक के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त हुई सरोज मानिकपुरी

सूरजपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक महिला की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दुबे एवं छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विमलेश दत्त तिवारी व जिलाध्यक्ष अरविंद पाठक के अनुशंसा से ब्लॉक इकाई प्रेमनगर के अध्यक्ष पद पर सरोज मानकपुरी को नियुक्त किया गया है। वे लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में जुड़ी हुई है। उनकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने भरोसा कर उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर दीपन दास मानिकपुरी, बहादुर सिंह, महेंद्र, अमर सिंह, दिनेश, रमेश एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

अपर कलेक्टर विस के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का तेरहवां सत्र 7 से 25 मार्च 2022 तक आहूत है। कलेक्टर भीम सिंह ने उक्त सत्र में प्राप्त विधानसभा प्रश्नों का उत्तर तैयार कराकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों/ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया गया है कि वे समक्ष प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

स्कूली छात्रों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर बताया पानी का महत्व

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी के एक एक बूंद का महत्व बताने और आम जनता को पानी की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूक बनाने लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को जल जीवन मिशन जागरूकता अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक चांपा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुदरी के नौ विद्यार्थी शामिल हुए। रत्ना यादव, सरस्वती बरेठ, छाया बरेठ, रोशनी रात्रे, पायल कंसारी, काजल कुर्रे, दिशा यादव,दीपाली केंवट व गोकुल सिदार ने रंगों के माध्यम से पानी का महत्व, जल संरक्षण आदि को रेखांकित किया। रंगोली के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुदरी के प्रधान पाठक प्रियव्रत साहू, शिक्षक संतोष कुमार तिवारी, संभागीय लेखाधिकारी पीएचई खंड जांजगीर-चांपा मनोज अग्रवाल, सहायक अभियंता पीएचई उप खंड चांपा जीपी ठाकुर, यूनिसेफ की डिस्ट्रिक्ट एसोसिएट सुश्री मंजरी शर्मा मंचासीन रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर आईईसी शिव नारायण त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर उप यंत्री यशवंत सिंह, महेश वर्मा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आईएसए महेश शुक्ला, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीडीएटी मथुरा प्रसाद यादव, निखिल तंबोली, आकाश जांगड़े, वैभव शर्मा, संदीप राठौर, शिवा सेमुएल, स्मिता चंदेल, प्रमोद शर्मा, मानविका राठौर सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

जिपं सदस्य के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। बम्हनीडीह क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया व शिव जायसवाल पर पूर्व सरपंच पति से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जिपं सदस्य समेत अन्य के खिलाफ अजाक थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक बम्हनीडीह में एसएसजे निजी महाविद्यालय का टिमन सिंह अध्यक्ष हैं। 1 फरवरी को वे कॉलेज में बैठे थे तभी जिपं सदस्य गगन जैपुरिया व उसके साथी शिव जायसवाल वहां पहुंचे और अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात कहते हुए गाली गलौच करने लगे। जब इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर माधव डनसेना व अनिल लहटे उपस्थित थे। उन्होंने विवाद रोकने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए। टिमन सिंह ने मामले की रिपोर्ट अजाक थाने में दर्ज कराई है।

डभरा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

डभरा/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तत्वाधान में सृजन पूर्व एवं हरि ओम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभरा में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए चित्रकला, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पीयूष पटेल, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जल जीवन मिशन जांजगीर, केशव साहू, फील्ड इंजीनियर, केएस पटेल सब-इंजीनियर डभरा एवं विद्यालय के प्राचार्य भूपेन्द्र चन्द्रम की उपस्थिति में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जारूक करने के लिए आयोजित इस अभियान का उद्देश्य को अपने उदबोधन के द्वारा बताया गया और बच्चों को स्वयं और परिवार के समाज के लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

रोजगार पंजीयन, कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट शिविर 21 को

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सक्ती में रोजगार पंजीयन, कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय आईटीआई सक्ती में किया जा रहा है। नया रोजगार पंजीयन और नवीनीकरण का कार्य प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। नये पंजीयन के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराकर सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ शिविर में उपस्थित हो सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट शिविर में निजी प्रतिष्ठान के नियोजक उपस्थित रहेंगे। जिसमें चौतन्य इंडिया लिमिटेड रायगढ़ द्वारा पदों पर भर्ती की कार्यावाही की जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रोहित शर्मा बने ...

को मिली है। टी20 सीरीज के बाद दो मैच की टेस्ट सीरीज भी खेली जाएगी। पहला टेस्ट 4 मार्च से मोहाली में तो दूसरा टेस्ट 12 मार्च से बैंगलोर में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट डे नाइट टेस्ट होगा।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियंक पंचाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन (फिटनेस पर निर्भर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सौरभ कुमार

टी-20 सीरीज़ के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, आवेश खान

अवध, लखनऊ फिर...

अच्छा नहीं रहा था। पार्टी को 20 में से सिर्फ 6 सीटों पर जीत मिली थी।

यादव लैंड में सपा की चुनौती

इस बार सपा प्रमुख अखिलेश यादव करहल से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा पीएसपी प्रमुख शिवपाल भी जसवंतनगर सीट से उम्मीदवार हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि चाचा-भतीजे का यह गठजोड़ पार्टी के पारंपरिक गढ़ में सपा को मजबूती दिलाकर सत्ता में वापसी का रास्ता तैयार करेगा। उधर, अगर बीजेपी यादवलैंड में हारती है तो उसे बुंदेलखंड के दक्षिणी इलाकों- झांसी, जालौन और ललितपुर जैसे जिलों में इस नुकसान की भरपाई करनी होगी।

बुंदेलखंड में बरकरार रहेगा बीजेपी का प्रभाव?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंचाई और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए भारी निवेश के वादों के साये में बीजेपी ने पिछले चुनाव में इस क्षेत्र की 19 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, यह पूरा इलाका बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) का गढ़ रहा है। ऐसे में यहां बीजेपी, एसपी और बीएसपी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। हालांकि, बीजेपी यहां पर ज्यादा मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है।

चौथे चरण के चुनाव का मुख्य आकर्षण राजधानी लखनऊ की लड़ाई होगी, जो पिछले तीन दशकों से बीजेपी का मजबूत गढ़ बनी हुई है। समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के तराई क्षेत्रों में अपनी संभावनाएं तलाशेगी, जो अवध में किसान मूवमेंट का मुख्य केंद्र है। इस इलाके में बीजेपी वरुण गांधी और मेनका गांधी के संयुक्त बगावत का सामना भी कर रही है।

हिंदुत्व का मोर्चा: पांचवा चरण

पांचवे चरण में बीजेपी अपनी पूरी ताकत के साथ हिंदुत्व के मोर्चे से चुनाव लड़ेगी। इस चरण में अयोध्या और प्रयागराज जैसे हिंदू संप्रदाय के पवित्र इलाके शामिल हैं। इस दौर में बीजेपी की ओर से राम मंदिर का जोर-शोर से प्रचार किए जाने की संभावना है। इसका असर अयोध्या के आसपास के जिलों पर भी पड़ने के आसार हैं। पांचवे चरण में सपा को श्रावस्ती और बहराइच में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

अवध का इलाका समाजवादी पार्टी के पिछड़ी जातियों के लिए 'अंब्रेला पार्टी' होने के परीक्षण का भी गवाह बनेगा। यहां यह तय हो जाएगा कि सपा अपने आपको दलितों-पिछड़ों का रहनुमा साबित कर पाने में सफल हुई है या नहीं? अवध इलाके में जाट कुछ मात्रा में हैं। यहां मुस्लिम आबादी भी 15 फीसदी के आसपास है। इसके अलावा कुर्मी, शाक्य, लोध, निषाद जैसी ओबीसी जातियां भी इस इलाके में सपा के भाग्य का फैसला कर सकती हैं। सपा के छोटे सहयोगी दल जैसे- महान दल या अपना दल (कमेरावादी) के जमीनी प्रभाव की परीक्षा भी यहीं होगी। यह प्रदेश की नई सत्ता में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

किसके साथ जाएंगे कुर्मी?

कुर्मी अवध के कई विधानसभा इलाके में निर्णायक भूमिका में हैं। खासतौर पर उन्नाव, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बाराबंकी जैसे स्थानों पर उनकी अच्छी-खासी तादाद है। यादवों के बाद कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में दूसरा सबसे बड़ा पिछड़ा (ओबीसी) समुदाय है। अपने सहयोगी अपना दल (एस) की मदद से बीजेपी कुर्मी वोटों का 57 फीसदी हिस्सा पिछले चुनाव में हासिल करने में सफल रही थी।

सपा ने इस बार लालजी वर्मा, राम अचल राजभर और राम प्रसाद चौधरी जैसे बड़े कुर्मी नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। सपा का जाति जनगणना का वादा भी इन पिछड़ी जाति के मतदाताओं को रिझाने में काम आ सकता है।

सरकार की मंशा ...

उन्होंने कहा कि अगले दो साल में देश के 75 बड़े नगरीय निकायों में ऐसा संयंत्र बनाने का काम किया जाएगा। ये प्रयास शहरों को स्वच्छ बनाने और क्लीन एनर्जी देने में मददगार साबित होंगे। गांवों में भी बड़ी संख्या में गोबर धन बायो गैस प्लांट बनाए जा रहे हैं। ऐसे में न केवल गोबर से अतिरिक्त आय होगी, बल्कि बेसहारा पशुओं की समस्या भी कम होने लगेगी।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपना विजन पेश करते हुए कहा कि पिछले सात साल में सरकार की कोशिश हर समस्या के स्थाई समाधान देने की है। स्वच्छ भारत अभियान इसका उदाहरण है। इस अभियान से रोग नियंत्रण के साथ शहरों की सुदंरता बढ़ी है। उन्होंने इस अभियान के अगले चरण का जिक्र करते हुए कहा कि अब फोकस कचरे के निस्तारण पर है। देश के शहरों को अगले दो से तीन साल में कूड़े के पहाड़ों से मुक्त कराना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए राज्य सरकारों को हरसंभव मदद भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे शहरों में पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

पशु तस्करी के सरगना ...

राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करते हुए वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए सीमाओं का इस्तेमाल किया। यह भी कहा था कि उसकी रिहाई का राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है।

वैक्सीन लगवाने के 90 ...

बड़ी तादाद के लिए बूस्टर की आवश्यकता की मांग भी जोर पकड़ सकती है। डब्लूएचओ ने दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बूस्टर डोज लगाने जाने का बहुत सीमित डाटा ही अभी उपलब्ध है।

7 दिन का होगा क्वारंटाइन

कोरोना मरीज को अब अपनी रिपोर्ट निगेटिव आने के सात दिन तक ही क्वारंटाइन करने की सलाह दी गई है। पहले यह अवधि 14 दिनों की थी।

बिना लक्षण वाले जांच न कराएं

जिन मरीजों के शरीर में संक्रमण के लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं, उन्हें अपनी क्वारंटाइन अवधि खत्म करने से पहले कोविड जांच नहीं करानी होगी। ऐसे लोग अपना क्वारंटाइन दस दिन के अंदर खत्म कर सकते हैं।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202201140100033/21-22

ग्राम गोविन्दपुर

एतद् द्वारा ग्राम सिंगारभाट के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेल्सन वर्गीस पिता पी.एस. वर्गीस जाति ईसाई निवासी ग्राम गोविन्दपुर तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर की भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम गोविन्दपुर प.ह.नं. 23 तहसील कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 46/4 रकबा 0.0200 हेक्टर लगान 140.1600 रुपए मकान निर्माण के लिए रूपयों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता पीयूष कदम पिता प्रदीप राव कदम निवासी ग्राम ठेलकाबोड़ तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 40,00,000.00 (चालीस लाख) रुपए में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय अनुमति प्रदान करे आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो अ.वि.अ. रा. कांकेर के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या आम मुख्त्यार नामे से दिनांक 21.02.2022 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
कांकेर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
// Notice Inviting Tender //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा (जल जीवन मिशन अंतर्गत) ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

Sr. No.	Tender No. (System No.) & Date	Last Date (Bid Due Date)	Name of Work	P.A.C. (Rs. In Lakh)
1	108 (92406) Date 07.02.2022	03.03.2022	Constt of O.H.T., Pipeline work, Instt. Of Submersible Pump, Providing of FHTC, etc At Village-Patora II, Block-Lundea, Under JJm	69.47
2	109 (92409) Date 07.02.2022	03.03.2022	Constt of O.H.T., Pipeline work, Instt. Of Submersible Pump, Providing of FHTC, etc At Village-Amgashi Block-Lakhanpur, Under JJm	113.37
3	110 (92461) Date 08.02.2022	03.03.2022	Constt of O.H.T., Pipeline work, Instt. Of Submersible Pump, Providing of FHTC, etc At Village-Karra Block-Batauli, Under JJm	146.07
4	111 (92461) Date 08.02.2022	03.03.2022	Constt of O.H.T., Pipeline work, Instt. Of Submersible Pump, Providing of FHTC, etc At Village-Rajapur Block-Mainpath, Under JJm	112.62

उपरोक्त निर्माण कार्यों की ऑनलाईन (Online) टेण्डर आमंत्रित की जाती है। धरोहर राशि एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) पर देखी जा सकती है।

जी-67961/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
संशोधन क्रं-1

निविदा सूचना क्रमांक 07/ व.ले.लि./2021-22 दिनांक 07/02/2022 निविदा सिस्टम क्र. 91843, अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना की चकरभाठा वितरक नहर की आर.डी. 60.00 मी. से कोपरा जलाशय हेतु फीडर नहर का निर्माण कार्य में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

S. No.	Item	Previous issue	Amendment
1.	**Bid Start date & time** (The date and time from which bidders start preparation/submission of their bid response, before this bidder's action will be nit be allowed.)	Date 14.02.2022 (Time 17:31)	Date 21.02.2022 (Time 17:31)
2.	**Bid Due date & time** (the last date & time for Submission of Bid response which no bids can be submitted.)	Date 28.02.2022	Date 07.03.2022
3.	Bid Open, Start date & time (The date of opening of Envelope- A& B online)	Date 02.03.2022	Date 08.03.2022

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

जी-67997/5

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)
(प्रतापपुर रोड, फारेस्ट कैम्पस, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा)
Phone No. 07774-240238(O), 240236(R), 240238(F) E-mail- dfosouthsurgija_200@rediffmail.com

क्रमांक/तक. अधि./350 अम्बिकापुर, दिनांक 17/02/2022

निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी, सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.) द्वारा समस्त विभागीय योजनाओं में स्वीकृत एवं चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री एवं भण्डार सामग्री क्रय तथा नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से सूचना प्रकाशन दिनांक से दिनांक 24.03.2022, दोपहर 12.00 तक, रुपए 1000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **"वनमण्डलाधिकारी सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर"** के नाम में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.03.2022 सायं 05.00 बजे तक है। प्रथम बार में निविदा दिनांक 25.03.2022 को कार्यालयीन समय 12.00 बजे खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि 05.04.2022 दोपहर 12.00 बजे एवं तृतीय तिथि 12.04.2022 दोपहर 12.00 बजे निर्धारित की जाती है।

जी-68004/3

वनमण्डलाधिकारी
सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

आईआईटी बॉम्बे देगी आजीविका गतिविधियों के लिए तकनीकी विकास में सहयोग

■ **टेक्निकल इनोवेशन और कैपेसिटी बिल्डिंग पर रहेगा फोकस**

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी बॉम्बे जिले में संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों को बेहतर बनाने तकनीकी सहयोग व कंसल्टेशन प्रदान करेंगी। जिसमें आईआईटी बॉम्बे प्रमुख रूप से इन गतिविधियों की प्रक्रिया को आसान करने तकनीक विकास में सहयोग देंगी। जिससे उत्पादों में विविधता हो, तैयार उत्पादों की गुणवत्ता बढ़े तथा लागत घटा कर लाभ बढाया जा सके। इसके साथ ही आजीविका गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं को समुचित तकनीकी प्रशिक्षण व व्यवसायिक ट्रेनिग देने जैसे पहलुओं पर भी काम किया जाएगा। कलेक्टर भीम सिंह की पहल और सीईओ जिला पंचायत डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में यह नवाचार शुरू किया जा रहा है। इसके लिए आईआईटी बॉम्बे के सेण्टर फ ॉर टेक्नोलॉजी अल्टरनेटीव्स फ ॉर रूरल एरियाज की प्रोफेसर बकुल राव के नेतृत्व में 3 सदस्यीय एक टीम जिले के दौरे पर है। यहाँ वे गौठानों और ग्रामीण इलाकों में महिला समूहों के काम तथा स्थानीय परम्परागत उत्पादों को तैयार किये जाने का अध्ययन कर रही हैं।

आईआईटी बॉम्बे की टीम ने कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के साथ आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से बांस के उत्पाद से मजबूत व टिकाऊ फर्नीचर के साथ ही फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स श्रेणी के छोटे-छोटे उत्पाद जैसे पेपर क्लिप्स, सोप केस, वाटर बोतल आदि तैयार करना, जिससे बांस से अधिक से अधिक दैनिक जरूरतों वाले घरेलु उत्पाद तैयार कर इस विधा से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा बाजार तैयार किया जा सके। यह पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इसी प्रकार रेशम के कपड़े बनाने में जो धागे ताना-बाना में उपयोग होता है। उसमें बाना का धागा तो स्थानीय स्तर पर तैयार होता है। किन्तु मजबूत ताने के लिए अभी भी बुनकरों की निर्भरता विदेशी आयात पर है। ऐसे में रेशमी कपड़ों के लिए किफ ायती और मजबूत ताने को यहीं तैयार करने के लिए भी काम किया जायेगा। रायगढ़ जिला ढोकरा शिल्प कलाकृतियों के लिए भी प्रसिद्ध है। हालांकि इन कलाकृतियों को तैयार करने की प्रक्रिया लम्बी और जटिल है। 3 डी प्रिंटिंग तकनीक का सहारा लेकर इसे आसान बनाने पर भी चर्चा बैठक में हुई। जिससे कलाकृतियों को तैयार करने में लगने वाले समय और मेहनत को कम किया जा सके तथा तैयार उत्पादों की फि निशिंग भी बढ़िया हो। पैरा तथा गोबर से भी अलग-अलग प्रोडक्ट तैयार करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। आईआईटी बॉम्बे की टीम ने इस दौरान जमीनी स्तर गौठानों में जाकर वहां हो रहे काम को देखा। समूह की महिलाओं से बात की और उनके अनुभव जाने। कलेक्टर और सीईओ व संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी फ ीडबैक लिया। जिसके आधार पर आजीविका गतिविधियों के संचालन हेतु टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और प्रभावी वर्किंग प्रोसेस के जोड़ से एक सस्टेनेबल और लाभप्रद मॉडल तैयार किया जा सके। गौठानों में भी उपलब्ध स्थान व संसाधनों का बेहतर उपयोग कर समूहों के लिए उसे ज्यादा फ ायदेमंद बनाया जा सके। इसके साथ ही यहाँ तैयार किये जा रहे उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग व मार्केट लिंकेज की दिशा में भी टीम काम करेगी। आईआईटी बॉम्बे से पहुंची टीम सेण्टर फॉर टेक्नोलॉजी अल्टरनेटीव्स फॉर रूरल एरियाज में काम करती हैं। 3 सदस्यीय इस टीम में प्रोफेसर बकुल राव, प्रोफेसर सुषमा कुलकर्णी और यतिन दिवाकर शामिल हैं। टीम का ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, हेल्थ, कृषि व जल संसाधन, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका संवर्धन, स्किल डेवलपमेंट, कृषि वानिकी, क्षेत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों में काम करने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है। जिसमें प्रोजेक्ट की डिजाइनिंग, इवैल्यूएशन और मॉनिटरिंग करना तथा इसके लिए आवश्य तकनीक व वर्किंग मॉडल्स के विकास में भी इनका योगदान रहा है।

शहरी पीएचसी सेंटरों में हो रहा कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अंतर्गत रामभांठा, इन्दिरा नगर, गांधी नगर में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कैंसर के लक्षण जैसे-लम्बे समय से मुंह के छाले, लाल चकते व घाव, निप्पलों के आकार में बदलाव, खून या अन्य स्त्राव होना, योनि से असामान्य स्त्राव घाव दर्द बदबू इत्यादि, असामान्य रूप से वजन घटना, बुखार, कमजोरी, निगलने में परेशानी, गले में गांठ, सूजन, खाँसी के दौरान खून आना, सामान्य से अधिक महावारी, स्तनों का असामान्य आकार सूजन, गांठ कड़ापन इनमें से कोई भी लक्षण होने पर 30 वर्ष से अधिक महिला/ पुरूष उक्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आकर कैंप का लाभ ले सकते है तथा कैंप में उपस्थित डॉक्टरों से अपना उपचार करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में डॉ काकोली पटनायक तथा मेडिकल कालेज के डॉ. त्रिभुवन साहू, डॉ. अंजना तिवारी से संपर्क कर सकते है।

राशनकार्डधारकों को मार्च व अप्रैल मिलेगा का एकमुश्त चावल

मुंगेली/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारकों को पात्रतानुसार मार्च व अप्रैल माह का चावल एकमुश्त मिलेगा। कलेक्टर ने इस संबंध में सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर माह मार्च में राशनकार्डधारकों को मार्च एवं अप्रैल माह की पात्रतानुसार चावल वितरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा है कि सामान्य राशनकार्डधारकों को छोड़कर शेष-समस्त राशनकार्डधारकों को माह मार्च के चावल के नियमित एवं अतिरिक्त आबंटन का वितरण निःशुल्क किया जाएगा। कलेक्टर ने दो माह के चावल वितरण की सूचना सभी राशन कार्डधारकों को मुनादी, समाचार पत्रों एवं उचित मूल्य की दुकानों पर पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित करने और चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री जैसे नमक, शक्कर, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की माहवार पात्रतानुसार ही वितरण कराया जाने के निर्देश दिए।

दस दिवसीय सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी 21 से

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार हेतु दस दिवसीय सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन 21 फ रवरी से किया जा रहा है।जनसंपर्क विभाग द्वारा 21 फ रवरी से जिले के तीनों विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में दस दिवसीय सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम अमरटापू धाम में 21 फ रवरी को, ग्राम संबलपुर में 22 फ रवरी को,ग्राम चकरभाठा में 23 फ रवरी को, ग्राम फास्टरपुर में 24 फरवरी को किया जाएगा। इसी प्रकार लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खुड़िया में 28 फरवरी को ग्राम झझपुरीकला 03 मार्च को, ग्राम रतियापारा में 04 मार्च को और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम हथनीकला में 08 मार्च को, ग्राम गोइंद्री में 09 मार्च को व ग्राम भटगांव 10 मार्च 2022 को सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों कौ गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आदि उपस्थित थे।

सम्मका-साररका जात्रा मेढ़ारम में विधायक ने टेका मत्था

बीजापुर/नवप्रदेश। तेलंगाना के मेढारम में आदिवासी देवी सम्मक्का व देवी सारक्का तीन दिवसीय जात्रा सम्पन्न हुआ। हर बार की तरह आस्था के इस कुंभ में लाखों, करोड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर दुआएं मांगी। इस ऐतिहासिक जात्रा में बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व बीजापुर विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने सहपरिवार देवी सम्मक्का व देवी सारक्का के पावन स्थल पर मत्था टेका व दर्शन किया। विधायक ने अपने परिवार व क्षेत्रवासियों के सुख- शांति-समृद्धि व खुशहाली के लिए माता से दुआ मांगी।

कृषि विभाग ने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट वितरण किया

जैविक खेती मिशन के तहत 50 किसान हुए लाभान्वित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के जैविक कृषि ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली के जैविक खेती मिशन के तहत कृषि विभाग ने 50 किसानों को गौठान परिसर में वर्मीकम्पोस्ट का वितरण किया है। इस मौके पर बलौदा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सदस्य नम्रता राघवेंद्र नामदेव ने अपने गोद ग्राम बहेराडीह के किसानों को बताया कि बहेराडीह गांव भले ही जाटा पंचायत का आश्रित ग्राम है लेकिन यह जिले के पहला जैविक कृषि ग्राम है। जहाँ पर सबसे घर में किचन गार्डन है। वह भी पूर्णतः जैविक। जिसे देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर उद्यान

विभाग ने इस गांव को राष्ट्रीय पोषण बाड़ी योजना के तहत चिन्हित करके किसानों को इस विभाग से जैविक खाद, सब्जी, फल फूल की बीज और पौधे प्रदाय किया जा रहा है। वही वन विभाग ने भी यहाँ के किसानों को फ लदार पौधे भी उपलब्ध कराई है। इस दौरान गांव के सरपंच अनिता सपन मिरी, उपसरपंच चंदा सरवन कश्यप, बिहान के जय भुवनेश्वरी स्व सहायता समूह के अध्यक्ष पुष्पा यादव, सचिव अमरीका यादव, लेखापाल व बैंक मित्र सुमित्रा यादव, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के पीआरपी श्रीमती पुष्पलता ध्रुव, एफ एलसीआरपी रेवती यादव, सक्रिय महिला ललिता यादव, नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन के अध्यक्ष साधना यादव, सचिव पुष्पा यादव, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी सनद कुमार भारद्वाज, किसान दादूराम यादव, यादव, शिवदयाल कश्यप, छोटेलाल यादव, कृषक मित्र दीनदयाल यादव, रामाधार देवांगन, व किसान शामिल हुए।

जिला पंचायत सीईओ ने किया गौठानों का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आज मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत झलियापुर, मुड़पार और दुल्लापुर में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत निर्मित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण कर आजीविकामूलक गतिविधियों का जायजा लिया।उन्होंने ग्राम पंचायत झलियापुर के गौठान में गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व उसके विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पंचायत मुड़पार और दुल्लापुर के गौठान में सेग्रिगेशन शेड, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मिनी राईस मिल का निरीक्षण किया और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार गौठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाओं को अधिक से अधिक आयमूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने प्रोत्साहित भी किया।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दो गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नाबालिक से दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी मानव अधिकार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष है। वहीं मामले में एक सहयोगी भी पकड़ा गया है। मामला सिटी कोतवाली का है। पीड़िता के पिता द्वारा नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जानें के रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा के मार्गदर्शन पर अपराध धारा 366, 376 34 भादवि 4,6 पास्को एक्ट दर्ज कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी केंद्रीय मानव अधिकार परिषद युवा प्रकोष्ठ द्वारा नाबालिक लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर 14 तारीख को बिलासपुर को रात्रि में एकस्थान पर ले गया अनाचार किया। साथ में अपने दोस्त को भी अनाचार के लिए मना करने पर लड़की को शराब पिलाकर दोनों ने मिलकर दुष्कर्म किया। आरोपी दिलीप उर्फ डब्बू धीरही 22 वर्ष एवं प्रदीप रात्रे पिता नवरात्रि 23 वर्ष निवासी दर्राभांठा को रिमांड पर भेजा गया।

एक दिवसीय टीकाकरण अभियान 23 को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा जिले में 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के टीकाकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जिले में 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अब तक 07 लाख 81 हजार 481 नागरिकों को कोरोना वायरस (कोविड-19) का टीका लगाया जा चुका है। इनमें से 04 लाख 84 हजार 808 को प्रथम डोज और 02 लाख 96 हजार 673 को द्वितीय डोज का टीका लगाया जा चुका है। कलेक्टर ने बताया कि नए वेरियंट ओमिक्रॉन संक्रमण के दृष्टिगत इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए संभावित उपाय अमल में लाया जा रहा है।

एटीआर क्षेत्र के 09 गावों के लोगों को भी मिलेगा स्वस्छ पेयजल

मुंगेली/नवप्रदेश। अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के 09 ग्रामों के लोगों को भी अब जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वस्छ पेयजल उपलब्ध होगा। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक में एकल नल जल प्रदाय योजना के तहत 13 करोड़ 29 लाख 12 हजार रूपये के विभिन्न कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इनमें विकासखण्ड लोरमी के ग्राम डंगनिया के लिए 01 करोड़ 72 लाख 34 हजार रूपये, ग्राम जमुनाही के लिए 01 करोड़ 39 लाख 35 हजार रूपये, ग्राम सुरही के लिए 01 करोड़ 44 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम बिंदावल के लिए 01 करोड़ 41 लाख 44 हजार रूपये, ग्राम कटामी के लिए 01 करोड़ 40 लाख 94 हजार रूपये, ग्राम निवासखार के लिए 01 करोड़ 35 लाख 98 हजार रूपये, ग्राम डाकाचाका के लिए 01 करोड़ 37 लाख 11 हजार रूपये, ग्राम जोतपुर के लिए 01 करोड़ 35 लाख 73 हजार रूपये तथा ग्राम बिजराकछार के लिए 01 करोड़ 82

लाख 03 हजार रूपये शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के 23 गांवों के लिए आमंत्रित निविदा के अंतर्गत प्राप्त दरों, गैर अनुबंधित देयकों का भुगतान और अनुबंधित कार्यों के देयकों का भुगतान का अनुमोदन भी किया। इसके पूर्व कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफि टिंग,नल जल प्रदाय योजना, सोलर आधारित एकल ग्राम योजना, विद्युत आधारित एकल ग्राम योजना तथा इनमें ऑनलाईन निविदा के अंतर्गत अनुबंध एवं जारी कार्यादेश और स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए रार्निग वाटर की व्यवस्था आदि कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वकसमीक्षा की।जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता संजीव बृजपुरिया ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्यगण उपस्थित थे।

सांई ट्रस्ट उड़ीसा द्वारा मुंगेली में संचालित कार्यालय सील

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के गोविन्द पेट्रोल पंप के पास साई ट्रस्ट के नाम पर कुछ फर्जी लोग भोले भाले ग्रामीण व्यक्तियों को फर्जी नौकरी लगाने के नाम पर रकम की वसूली कर रहे थे। राजस्व एवं पुलिस विभाग ने कार्यवाही करते हुए विधिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्यालय को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक सील कर दिया। पुलिस 6 आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर मामले की विवेचना कर रही है। गांव-गांव मे कुपोषित बच्चों के सर्वे के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिला समन्वयक व सहायक महिला समन्वयक की भर्ती के लिए बेबी फूड प्रोजेक्ट के लिए सांई ट्रस्ट उड़ीसा संस्था की ओर से आवेदन लिए जा रहे थे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने इसे गंभीरता से लिया और मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में एसडीएम ने राजस्व अधिकारियों की टीम लेकर सांई ट्रस्ट उड़ीसा संस्था द्वारा मुंगेली में संचालित कार्यालय में दबिश दी। विधिक दस्तावेज

प्रस्तुत नहीं करने पर कार्यालय को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि सांई ट्रस्ट उड़ीसा की संस्था द्वारा जिले में पंचायत स्तर पर दो कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन जारी कर प्रत्येक पंचायत में दो महिला कर्मचारी की नियुक्ति हेतु 1500 रूपए लिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस संबंध में जिला मुंगेली में स्थित सांई ट्रस्ट उड़ीसा के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 150 से 200 महिला सांई ट्रस्ट कार्यालय के पास मौजूद थीं एवं कार्यालय में 04 कर्मचारी कार्यरत थे। कार्यालय के इन सभी 04 कर्मचारियों से पूछताछ की गई, जिस पर उनके द्वारा संस्था के संचालन के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से किसी भी प्रकार की अनुमति संबंधी जानकारी प्रदान नहीं की गई और न ही उनके द्वारा किसी भी प्रकार की विधिक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। जिसके फ्लस्वरूप वैधानिक कार्यवाही हेतु साई ट्रस्ट उड़ीसा द्वारा मुंगेली में संचालित कार्यालय को सील कर दिया गया है।

इस संबध मे पुलिस सूत्रो के अनुसार पुलिस अधीक्षक डीआर आचला एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसआर धृतलहरे को मुखबीर सूचना मिली थी गोविन्द पेट्रोल पंप के पास साई ट्रस्ट के नाम पर कुछ फर्जी लोग भोले भाले ग्रामीण व्यक्तियों को फ र्जी नौकरी लगाने के नाम पर रकम की वसूली कर रहे थे। सूचना पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली संजीव ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रार्थिया प्रतिमा पात्रे निवासी गोपतपुर लिखित रिपोर्ट पर कार्यवाही की गई। गोविन्द पेट्रोल पंप के पास सांई ट्रस्ट के संचालकगण रामकुमार गधर्व, भरत चौहान, रोहित चौहान, राहुल चौहान, लक्ष्मी कुमार पटेल एवं दिलीप सोनवानी सभी साथ मिलकर जीरो वर्ष से तीन वर्ष तक के बच्चों को पोषण अहार देने के नाम से एवं ग्राम पंचायत सहायिका के पद पर नियुक्ति पत्र देकर प्रार्थिया से 1500 रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया गया बाद रामकुमार गंधर्व द्वारा सांई ट्रस्ट मे नौकरी दिलाने के नाम पर 45000 रुपए एवं प्रार्थिया प्रतिमा पात्रे से व उनके भाई बहु से 45000 रुपए लेकर कुल 90000 रुपए की ठगी कर धोखाधडी किया गया है। प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर धारा 420, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थियां गवाहन लिया गया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया एवं मुताबिक जप्ती पत्रक के रसीद व अन्य दस्तावेज जप्त की गई।विवेचना से आरोपी के विरूध्द अपराध सबूत पाये जाने से आरोपीगण भरत चैहान पिता लक्ष्मीनारायण चैहान उम्र 38 साल, रोहित चैहान पिता तिहारू राम चैहान उम्र 36 साल दोनो साकिन ग्राम गोदना थाना नवागढ जिला जांजगीर चांपा, राहुल चैहान पिता हेमलाल चैहान उम्र 28 साल साकिन ग्राम कोरकोरी थाना बिलाईगढ जिला बलौदा बाजार फर्जीवाड़ा कर रकम उगाही की जा रही थी।फर्जीवाड़ा गिरोह के सदस्यों के द्वारा छत्तीसगढ़ के अन्य जिलो में भी फ र्जीवाड़ा किया जा रहा था। फ र्जी गिराह भोली भाली जनता को ठगी कर रकम वसूली करके भागने के फि राक में ही थे की इसकी सूचना पर आरोपियों के विरूध्द तत्काल अपराध कायम कर त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

नरवा विकास कार्यक्रम

कैम्पा मद में वर्ष 2019-20 के समस्त कार्य पूर्णता की ओर

- **लगभग 160 करोड़ रूपए की लागत से 12 लाख से अधिक भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का हो रहा निर्माण**
- **वनांचल के 863 छोटे बड़े नालों में लगभग 05 लाख हेक्टेयर भूमि होगी उपचारित: अकबर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत चलाए जा रहे महत्वपूर्ण ''नरवा विकास कार्यक्रम'' के अंतर्गत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 में 160 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृति दी गई है। इसमें 01 हजार 829 किलोमीटर लंबाई वाले 863 छोटे बड़े नालों के 4.84 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्र में 12 लाख 24 हजार भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इन संरचनाओं में से अब तक 140 करोड़ रूपए की राशि व्यय कर 12 लाख 697 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तादाद में जल स्त्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है। इसके लिए वन मंत्री अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण, निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) मद से बनने वाली इन जल संग्रहण संरचनाओं से वनांचल में रहने वाले लोगों और वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

साथ ही नाले में पानी का भराव रहने से आस-पास की भूमि में नमी बनी रहेगी। इससे खेती-किसानी में सुविधा के साथ-साथ आय के स्त्रोत और हरियाली में भी वृद्धि होगी।

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि नरवा विकास योजना के तहत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के अंतर्गत दुर्ग वृत्त में 11 करोड़ 56 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से निर्माणाधीन 79 हजार 293 संरचनाओं में से अब तक 69 हजार 442 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह बिलासपुर वृत्त अंतर्गत 43 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से 6 लाख 80 हजार 329 भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से अब तक 35 करोड़ रूपए की राशि व्यय कर 6 लाख 68 हजार 609 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। रायपुर वृत्त अंतर्गत 17 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से 56 हजार 454 संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 15 करोड़ रूपए की राशि व्यय कर 56 हजार 421 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

इसी तरह जगदलपुर वृत्त अंतर्गत 17 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से 2 लाख 78 हजार भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से अब तक 16 करोड़ 66 लाख रूपए की राशि व्यय कर समस्त 2 लाख 78 हजार संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। सरगुजा वृत्त अंतर्गत 36 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से निर्माणाधीन 1 लाख 18 हजार संरचनाओं में से अब तक 1 लाख 17 हजार संरचनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। कांकेर वृत्त अंतर्गत 15 करोड़ रूपए की स्वीकृत राशि से निर्माणाधीन 2 हजार 626 संरचनाओं में से अब तक 2 हजार 621 संरचनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बिलासपुर वृत्त अंतर्गत अचानकमार टायगर रिजर्व क्षेत्र में स्वीकृत 10 करोड़ रूपए की राशि से निर्माणाधीन 6 हजार 85 संरचनाओं में से अब तक 5 हजार 578 संरचनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

कमल विहार व इंद्रप्रस्थ पहुंचे सीईओ, निर्माण की ली जानकारी

- **फ्लैट्स का निर्माण तेजी से पूरा करने शेष कार्यों का बनेगा इस्टीमेट**
- **निर्माण एजेंसियों को कार्य पूरा करने समय पर होगा भुगतान**
- **फ्लैट्स की बुकिंग करा कर भुगतान नहीं करने वालों को दिया जा रहा है नोटिस**
- **राशि जमा नहीं करने पर फ्लैट्स होगें निरस्त**

रायपुर/नवप्रदेश। कमल विहार में निर्माणाधीन ईडब्लूएस और एलआईजी फ्लैट्स के आवंटन हेतु निर्माण कार्य में तेजी लाने और आवंटन के बाद राशि जमा नहीं करने वालों को नोटिस के बाद राशि जमा नहीं करने पर फ्लैट्स निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आज इसी संबंध में योजना का जायजा लेने के लिए कमल विहार और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा की निर्माणाधीन योजनाओं का आरडीए के इंजीनियरों और अधिकारियों के साथ दौरा किया। उन्होंने कमल विहार योजना के फ्लैट्स निर्माण में हो रही देरी और आ रही परेशानियों की भी जानकारी ली।

श्री सिंह ने आरडीए के इंजीनियरों से कहा वे शेष बचे हुए कार्यों का इस्टीमेट तैयार कर ठोस प्रस्ताव दें ताकि किए गए निर्माण कार्यों का ठेकेदारों को समय पर राशि का भुगतान किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे आवंटित फ्लैट्स के बकाया राशि वसूली की कार्रवाई भी करा रहे है। इसमें जिन आवंटितियों ने लंबे समय से राशि का भुगतान नहीं किया है उन्हें कुछ समय दे कर राशि जमा करने के लिए कहा गया है। यदि आवंटितियों ने राशि का भुगतान नहीं किया तो आवंटन निरस्त कर फ्लैट्स पुनः विज्ञापित कर विक्रय किए जाएगे।

आरडीए के सीईओ को कमल विहार के सेक्टर 4 में 768 एलआईजी फ्लैट्स निर्माण के ठेकेदार बृजेश गोयल ने लंबे समय से भुगतान नहीं होने की जानकारी दी। ठेकेदार कहा कि यदि उनकी रुकी राशि का भुगतान समय में हो जाए तो वे 3 - 4 माह में सभी फ्लैट्स का निर्माण कार्य पूरा आरडीए को सौंप देगें। इसी प्रकार 512 एलआईजी फ्लैट्स और 128 ईडब्लूएल फ्लैट्स के ठेकेदारों विनोद पांडे और श्री त्रिपाठी ने बताया कि उनके व्दारा फ्लैट्स निर्माण का ढ़ांचे का निर्माण,प्लास्टर व फ्लोरिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। यदि आरडीए उन्हें किए गए कार्यों का भुगतान कर दे तो वे वाटर सप्लाई, सेनेटरी, अंडरग्राऊंड ड्रेनेज, सम्पवेल, बिजली के ट्रांसफार्मर लगाने और सड़क निर्माण का कार्य शीघ्रता से पूरा कर देगें। इस पर सीईओ श्री सिंह ने अधीक्षण अभियंता एमएस पाण्डेय को निर्देश दिया कि वे बचे हुए कार्यो का इस्टीमेट तैयार कर बताएं कि कितनी राशि की और जरूरत है ताकि निर्माण कार्य शीघ्रता के साथ पूरा किया जा सके।

इसके बाद सिंह इन्द्रप्रस्थ रायपुरा फेज -2 की योजना में लेआऊट के आधार पर भूखंडों के आवंटन और भूअर्जन में आ रही समस्यों से रुबरू हुए। उन्होंने नवनिर्मित 1472 ईडब्लूएस और 944 एलआईजी फ्लैट्स का अवलोकन किया। अधीक्षण अभियंता अनिल गुप्ता ने उन्हें इस योजना की सीमा में बनने वाली बॉऊन्ड्रीवाल और उसके सीमांकन में आ रही परेशानियों की जानकारी दी। इस पर सीईओ ने सहायक राजस्व अधिकारी मुकेश बजाज को तहसीलदार से संपर्क कर इसका उपयुक्त निराकरण करने का निर्देश दिया। स्थल में स्थापित किए जा रहे ट्रांसफ र्मर और संपवेल की जानकारी भी उन्होंने ली।

गोबर विक्रेताओं को 6.20 लाख ऑनलाईन भुगतान

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरूवार को अपने निवास कार्यालय जबमें गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़े महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की। इस राशि में 16 जनवरी से 15 फरवरी तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 5 करोड़ 62 लाख रूपए का भुगतान तथा गौठान समितियों को 1.88 करोड़ और महिला समूहों को 2.75 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। कांकेर जिले के 1427 गोबर विक्रेताओं को 06 लाख 20 हजार 35 रूपये की राशि ऑनलाईन भुगतान किया गया है। जिले के गोबर खरीदी करने वाले गौठानो की संख्या 389 है, इन गौठानों में कार्यरत महिला समूहों की संख्या 389 एवं 3890 महिला सदस्य हैं। योजना प्रारंभ से लेकर अब तक कांकेर जिले में 01 लाख 46 हजार 654 क्विंटल गोबर खरीदीं की गई है। 203 गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट का उत्पादन और बिक्री किया जा रहा है। अब तक 40 हजार क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट और सुपरकंम्पोस्ट का उत्पादन किया जाकर 31945 क्विंटल विक्रय किया जा चुका है।

नपा अध्यक्ष व सीएमओ ने अधूरी सड़क का लिया जायजा

बीजापुर/नवप्रदेश। अधूरी सीसी रोड को लेकर दैनिक नवप्रदेश में 18 फरवरी के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसको लेकर नपा अध्यक्ष व सीएमओ व विधायक प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंच कर सड़क का जायजा लिया। बता दें कि वार्ड 12 सुभाष चंद्र वार्ड में 12 साल से रुके अधूरी सीसी रोड से परेशान वार्डवासियों ने गुहार लगा-लगा कर परेशान हो गए थे। वार्डवासियों की परेशानी को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद नगर पालिका अध्यक्ष बेहनूर रावातिया, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण डोंगरे, सीएमओ पवन मेरिया के साथ पहुंचे। इसकी भनक वार्डवासियों को लगते ही उस जगह पर इकट्ठा हो गए। अध्यक्ष व अधिकारी से चर्चा के दौरान उन्होंने अपनी समस्या बताई जिस पर अध्यक्ष के साथ पहुंचे सभी जिम्मेदारों ने वार्डवासियों से पूरे मामले पर चर्चा व मुआयना करने के बाद उक्त जगह में बहुत जल्द वार्डवासियों की मांग के अनुसार कार्य को पूर्ण कराने आश्वासन दिया।

खबर का हुआ असर

आज कांकेर पहुंचेगी भाजपा प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी आज प्रथम कांकेर प्रवास पर आ रही है जिसके स्वागत की रूपरेखा बनाने के लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय कमल सदन में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे पार्टी संगठन की प्रदेश प्रभारी प्रथम बार कांकेर आ रही है। हमें उनके आगमन को भव्य बनाना है। उन्होंने भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को 20 व 21 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम की अलग-अलग जिम्मेदारी दी। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा पुरंदेश्वरी के कांकेर आगमन पर जहां बाइक रैली के साथ स्वागत करेगी। वहीं महिला मोर्चा द्वारा शहर के नए बस स्टैंड के पास व भाजपा कार्यलय में स्वागत किया जाएगा। बता दें कि 21 फ रवरी को भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा प्रभारी बैठक लेंगी। साथ ही विधानसभावार भाजपा पदाधिकारियों की भी अलग से बैठक लेकर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जानेगी।

प्रदेश में चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों से करोड़ों की ठगी

गुरुकृपा इंफ्रा रियल्टी इंडिया का डायरेक्टर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कम समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाली चिटफंड कंपनी के निदेशक दिलीप देवांगन को जशपुर पुलिस ने राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गुरुकृपा इंफ्रा रियल्टी इंडिया लिमिटेड के नाम से चिटफंड कंपनी खोलकर रायपुर, जशपुर, जांजगीर-चांपा जिले में करीब 800 लोगों से करोड़ों रुपये ठग लिए। कंपनी के 4 डायरेक्टर पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं और जशपुर जेल में बंद हैं।

जशपुर जिले के पत्थलगांव एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया कि गुरुकृपा इंफ्रा रियल्टी इंडिया लिमिटेड के नाम से संचालित चिटफंड कंपनी के विरुद्ध कुमकेला निवासी देवकुमार सहित सैकड़ों लोगों ने पत्थलगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कंपनी के लुभावने वायदों में उलझ कर अनेक लोगों ने अपने करोड़ों रुपये जमा कराए थे, लेकिन निवेशकों की राशि लौटने से पहले ही कार्यालयों पर ताला लगाकर सभी डायरेक्टर फरार हो गए थे। पत्थलगांव क्षेत्र में इस चिटफंड कंपनी द्वारा सैकड़ों लोगों से 2 करोड़ 55 लाख रुपये की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज हैं। दिलीप की गिरफ्तारी के साथ ही पत्थलगांव पुलिस ने कंपनी के सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के रायपुर में छिपे होने की सूचना पर टीम भेजकर गिरफ्तारी की गई। आरोपी दिलीप देवांगन (35 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

तीन साल से फरार आरोपी को रायपुर में दबोचा

पत्थलगांव थाना प्रभारी नंदनलाल राठिया ने बताया कि कंपनी के डायरेक्टर गुरूप्रीत सिंह (41 वर्ष), विरेन्द्र कुमार सिंह उर्फबिट्टू (35 वर्ष), अविनाश चंद्रवंशी (46 वर्ष) एलिशामा सोना (39 वर्ष) को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपी अभी जशपुर जेल में बंद हैं। 25 सितंबर 2019 को अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी दिलीप कुमार देवांगन फरार था। आरोपी के रायपुर में छिपे होने की मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम को भेजा गया। पुलिस ने तीन दिनों की मेहनत के बाद आरोपी को दबोच लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों पर पत्थलगांव थाने में केस दर्ज है। आरोपियों की चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई भी की जा रही है।

प्लसमेंट कैंप के माध्यम से रिक्त पदों की जानकारी आमंत्रित

कांकेर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन माह मार्च मे किया जाना है। ऐसे इच्छुक नियोजक जो अपने फर्म, संस्था, कार्यालय, दुकान हेतु पदों की पूर्ति प्लसमेंट कैंप के माध्यम से कराना चाहते हैं, वे रिक्तयों की जानकारी कार्यालय प्रवर्तन कक्ष जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल जगदलपुर को पत्र के माध्यम से या कार्यालय के ई-मेल enforcement celljdp @gmail.com के माध्यम से जानकारी प्रदाय कर सकते हैं, जिसमें पदवार रिक्तयों की संख्या, वांछित योग्यता अनुभव एवं प्रतिमाह देय वेतन की जानकारी भी दिया जाना आवश्यक है, ताकि प्लसमेंट कैंप हेतु पदानुरूप युवाओं को आकर्षित किया जा सकें।

गोंगपा सुप्रीमो की मूर्ति तोड़ने वालों पर कार्यवाही की मांग

कांकेर/नवप्रदेश। कोरबा जिला के ग्राम गुरसिंया में दादा हीरा सिंह मरकाम की मूर्ति स्थापित किया गया था जिसको अराजक तत्वों के द्वारा रात में तोड़ दी गई। दादा हीरा सिंह मरकाम समस्त मूल निवासियों को गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के तहत देश भर में जागरूकता अभियान चलाई और आज इसी का असर है कि जल जंगल जमीन पर्यावरण के लिए देश की हर कोने कोने तक संघर्ष जारी है। लेकिन कुछ अराजक तत्वों के द्वारा बांटने के लिए पूरे भारत देश में नफरत, आतंक फैलाने की कोशिश की जा रही है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी मूल निवासियों का महान मसिहा दादा हीरा सिंह मरकाम की मूर्ति तोड़कर अशान्ति फैलाने की कोशिश की की जा रही है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

अवैध खनिज उत्खनन- परिवहन पर कार्रवाई, 50 टन कोयला जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 18 फरवरी की रात्रि लगभग 11.30 बजे खनिज विभाग ने अवैध कोल स्टॉक पर छापामार कार्रवाई की। छापामार कार्रवाई में लगभग 50 टन अवैध कोयला और परिवहन में संलग्न एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। उपसंचालक खनिज प्रशासन एसएस नाग ने बताया कि ग्राम मलगांव हरदीबाजार में अवैध कोल स्टॉक की जानकारी मिलने पर खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा उक्त स्थल पर दबिश दी गई। उड़नदस्ता दल द्वारा मौके पर लगभग 50 टन अवैध कोयला और एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया। श्री नाग ने बताया कि उक्त कोयला को दीपका कोयला खदान से चोरी कर दूसरे राज्यों में तस्करी किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त अवैध कोयला तस्करी का कार्य प्रहलाद सिंह, गुल्लू यादव एवं विशाल सिंह कोल तस्करों द्वारा संचालित किए जाने का संदेह प्रतीत होता है। मुख्यमंत्री ने खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर साहू ने जिले में अवैध खनिज पर निगरानी रखते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज पर लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। खनिज विभाग को हरदीबाजार क्षेत्र के मलगांव में बड़े पैमाने पर कोयले का स्टाक जमा कर बाहर भेजे जाने की सूचना मिली थी। जिस पर देर रात ही खनिज विभाग की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई की और मौके से लगभग 50 टन कोयला के साथ अवैध कोयला परिवहन में संलग्न एक ट्रैक्टर को जब्त किया।